वैशाख कृष्ण पक्ष 03
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
16 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-179
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




₹ 83100 10 ग्राम

₹ 96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,734.89 | 85.779 |
| +1,577.63 | -0.242 |

## एक नजर

### वज्रपात की दो घटना में एक की मौत, छह घायल

**लातेहार।** जिले में मंगलवार की शाम आए तेज गर्जन और बारिश के बीच बज्रपात की दो घटनाओं मेंएक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए है। बज्रपात की पहली घटना चंदवा थाना क्षेत्र के बनहरदी में हुई। वहां चार लड़कियां और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल लातेहार में चल रहा है। घायलों में रजनी कुमारी (16 वर्ष), पिता जगन्नाथ उरांव, मनीषा कुमारी (19 वर्ष), सीता कुमारी (17 वर्ष), पिता स्वर्गीय किरण उरांव, उपेंद्र गंझू (28 वर्ष), पिता जगदेव गंझू समेत एक अन्य शामिल है। घटना उस समय हुई जब सभी लोग खेत के पास काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक बज्रपात हुआ।दूसरी घटना बालूमाथ प्रखंड के रजवार पंचायत अंतर्गत हरयाखाड़ टोला में हुई। वहां तारा लाल उरांव (36 वर्ष), पिता शिबू उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद शांति देवी (30 वर्ष), पति शमदेव उरांव भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका ईलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है।

### आईएचएम रांची और आर्ट ऑफ लिविंग में करार

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची और आर्ट ऑफ लिविंग, के बीच युवा सशक्तीकरण और कौशल कार्यक्रम के लिए मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य आईएचएम, रांची और आर्ट ऑफ लिविंग के बीच एक सहयोगात्मक साझेदारी स्थापित करना है, ताकि लोगों में स्वास्थ्य, जागरुकता और तनाव प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही, छात्रों को- शिष्ट कला, में प्रशिक्षित करना है, ताकि इनके माध्यम से विद्यार्थियों को समग्र, बहु-विषयक और मूल्य-आधारित शिक्षा दी जा सके। मौके पर आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार, विभाग्याध्यक्ष डॉ आलोक असवाल व रिया त्याल उपस्थित थे। आईएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल तकनीकी और पेशेवर दक्षता पर्याप्त नहीं है। आईएचएम, रांची और आर्ट ऑफ लिविंग के बीच हुआ यह समझौता, हमारे विद्यार्थियों को इसी दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

## हिंसा छोड़ मुख्यधारा में लौटे माओवादी काली व अखिलेश

- एसपी, सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के समक्ष किया आत्मसमर्पण




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरकार के आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति 'नई दिशा' से प्रभावित होकर भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य अमरजीत उर्फ काली उर्फ सनि बिरजिया और मिथलेश उर्फ अखिलेश कोरवा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। लातेहार एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर के समक्ष पुंदाग का रहने वाला काली उर्फ सनि बिरजिया उर्फ अमरजी और छत्तीसगढ़ बलरामपुर रामानुजगंज का रहने वाला मिथलेश उर्फ अखिलेश कोरवा ने आत्मसमर्पण किया। भाकपा माओवादी के दोनों सक्रिय सदस्य के आत्मसमर्पण के बाद एसपी ने बुके व शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर एसपी कुमार गौरव ने कहा कि हिंसा के रास्ता छोड़कर अमरजीत उर्फ काली उर्फ सनि बिरजिया और मिथलेश उर्फ अखिलेश कोरवा ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि लगातार सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुवार व जिला पुलिस द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाई जा रही है, जिसके चलते पुलिस को कई उपलब्धि मिली है। सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने कहा कि इस वर्ष नक्सलियों के लिए अंतिम साल है। यदि वह मुख्य धारा में लौटना चाहे तो लौट सकते हैं, नहीं तो उनका खातमा तय है। उन्होंने कहा कि नक्सली संगठन के सदस्यों को भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली अमरजीत उर्फ काली उर्फ सनि बिरजिया और मिथलेश उर्फ अखिलेश कोरवा छिपादोहर, बारेसांढ, महुआडांड़, नेतरहाट, बुढ़ा पहाड़ व उसके आस पास काफी सक्रिय रहा है। वहां ऑक्टोपस अभियान चलाने के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। एसपी ने कहा कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। इस नीति में सरकार द्वारा जा सुविधा मिलने वाली है, उसे मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जल्दी धन अर्जित करने की वजह से गलत रास्ते में चले जाते हैं। वह अपराध की दुनिया छोड़कर मुख्य धारा में लौटे।

## डोभा में डूबने से दो सगे भाईयों समेत चार बच्चों की मौत

- गांव में मातम का माहौल, एसडीओ ने घटना की जानकारी ली



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के उड़सुग्गी गांव में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में चार बच्चों की मौत हो गई। चारों डोभा में नहाने के उतरे थे। इस दौरान गहरे पानी में जाने से चारों के डूब जाने से मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने जैसे-तैसे चारों को डोभा से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीसरी कक्षा का छात्र लक्की कुमार (8), पांचवीं का छात्र अक्षय कुमार (12), छठी का छात्र हरिओम चंद्रवंशी (13) और नवीं क्लास का छात्र नारायण चंद्रवंशी (16) शामिल है। बताया जाता है कि काफी मन्नत के बाद सगे भाइयों हरिओम और नारायण का जन्म हुआ था। दोनों बाबूलाल चंद्रवंशी के पुत्र थे। बाबूलाल की शादी के 15 साल बाद काफी मन्नत के बाद दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। लक्की कुमार और अक्षय कुमार बाबूलाल के भाई के नाती थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी बच्चे खेलने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान गांव के पास एक डोभा में नहाने चले गए। गड्ढा गहरा होने के कारण सभी उसमें डूब गए। जब तक गांव वालों को बच्चों के डूबने की **शेष पेज 11 पर**

झारखंड मुक्ति मोर्चा में नए युग की हुई शुरूआत, शिबू सोरेन बनाए गए पार्टी के संस्थापक संरक्षक

# हेमंत सोरेन बने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष

- झामुमो का महाधिवेशन संपन्न, कल्पना सोरेन बनाई गईं केंद्रीय समिति की सदस्य
- केंद्रीय समिति में कुल 289 लोगों को शामिल किया गया है





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में नए युग की शुरूआत हुई। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन मंगलवार को सर्वसम्मति से पार्टी के 13वें महाधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। साथ ही, झामुमो के संविधान में संशोधन करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष के पद को समाप्त कर दिया गया है।

झामुमो के 13वें महाधिवेशन के दूसरे दिन मंगलवार को पार्टी ने हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। वहीं, शिबू सोरेने को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाया गया। इसी के साथ राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में चल रहे झामुमो के दो दिवसीय महाधिवेशन का समापन हो गया।

शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव पार्टी नेता नलिन सोरेन ने रखा और स्टीफन मरांडी ने इसका समर्थन किया। इसके बाद शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। महाधिवेशन में शिबू सोरेन ने मौजूद लोगों से हेमंत सोरेन को आशीर्वाद देने का आग्रह किया।

वहीं, गांडेय विधानसभा सीट की विधायक कल्पना सोरेन झामुमो की केंद्रीय समिति की सदस्य बनाई गई हैं। केंद्रीय समिति में कुल 289 लोगों को शामिल किया गया है।

केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि नई ऊर्जा के साथ पार्टी चलेगी और राज्य का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जाए, इस पर भी काम किया जा रहा है। महिलाओं को जिला अध्यक्ष के साथ तमाम पदों पर बैठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब कार्यकारी अध्यक्ष था, तब गलती करने का मौका था, लेकिन अब गलती करने की भी गुंजाइश नहीं है। पार्टी के अंदर अनुशासन सबसे मुख्य बिंदु है। संगठन को पूरे देश के अंदर बढ़ाने की तैयारी है। पार्टी के सभी कार्यकताओं को समर्पित होना होगा, तभी सफर को मंजिल तक पहुंचाएगा जा सकेगा। वहीं, उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, बाबा दिशोम गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, पार्टी के लाखों साथियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे दिन-रात कड़ी मेहनत कर पूरा करने का काम करूंगा। आप सभी का यही साथ ही मेरी ताकत है। बाबा के मार्गदर्शन में वीर पुरुखों के सपनों को साकार करने के लिए मैं दोगुनी ताकत के साथ राज्यवासियों की सेवा के लिए आगे बढ़ूंगा। आप सभी के अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद, आभार।

झामुमो के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि आज से झारखंड मुक्ति मोर्चा लंबी यात्रा के लिए आगे बढ़ेगा, पार्टी को आगे बढ़ाने में सभी ने सहयोग किया। यहां के आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब-गुरबा एवं सभी वर्गों ने मिलकर पार्टी को यहां तक लाया है। इस राज्य की जनता ने प्यार, सम्मान देकर शिबू सोरेन को गुरुजी बनाया। इस राज्य की जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ना, सामंती विचार वालों से लोहा लेना साधारण बात नहीं है। आज के समय में बिरले ही ऐसे लोग मिलते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु **शेष पेज 11 पर**

### नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा

- नई ऊर्जा के साथ पार्टी चलेगी, राज्य का सर्वांगीण विकास किया जाएगा
- महिलाओं को जिला अध्यक्ष के साथ तमाम पदों पर बैठाया जाएगा
- गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे दिन-रात मेहनत कर पूरा करूंगा

### पार्टी ने तय की शिबू सोरेन की नई भूमिका

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शिबू सोरेन की नई भूमिका तय की है। शिबू सोरेन 1987 से झामुमो के अध्यक्ष थे और उन्होंने पार्टी को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब उनकी भूमिका बदलकर संस्थापक संरक्षक की होगी, जिसमें वे पार्टी के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे। झामुमो ने वर्ष 2025 में अपने गठन के 53 वर्ष पूरे कर लिए हैं। पार्टी का गठन चार फरवरी 1973 को हुआ था। पार्टी का पहला स्थापना दिवस धनबाद के गोल्फ मैदान में मनाया गया था। मौजूदा समय में झामुमो झारखंड की राजनीति में एक प्रमुख दल है और सत्ता में है।

#### किसान भगवान के रूप हैं

हेमंत सोरेन ने कहा कि किसान भगवान का रूप माना जाता है और यहां के किसान आत्महत्या करते थे। किसान के बिना देश की परिकल्पना नहीं की जा सकती। पूरे देश के किसान आज हतोत्साहित हैं। किसान आंदोलन को पढ़ा, देखा, सुना, किसानों ने संघर्ष किया, लड़ाई लड़ी। अंत में किसानों की ताकत के आगे केंद्र सरकार को झुकना पड़ा था। हक अधिकार की लड़ाई पूंजीपति-व्यापारी नहीं लड़ते हैं, लड़ते हैं तो शोषित, पीड़ित, गरीब लोग।

#### गुरुजी के संघर्ष को नमन करते हैं

हेमंत सोरेन ने कहा कि इस महाधिवेशन को झारखंड के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। गुरुजी के संघर्ष को हम सभी लोग नमन करते हैं। अपने आंदोलनकारियों का सम्मान करते हुए वीर शहीदों को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर उनके विचारों को पूरे जोश-खरोश के साथ लंबी यात्रा पर आगे बढ़ेंगे।

झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप

## एक की मौत, सड़क पर शव रखकर मुआवजा की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोस्तिया गांव में तथाकथिक झोलाछाप डॉक्टर ने सुरेन्द्र यादव 40 वर्ष को गलत इंजेक्शन दे देने से जान चली गई। मरीज की मौत से आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने मृतक के शव को पोस्तिया मोड़ के पास रख कर चतरा-गया मुख्य पथ एनएच 22 को सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक 2 घंटे जाम कर दिया। इससे बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारे लग गई और यात्रियों को काफी परेशानी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पहले मृतक सुरेन्द्र की तबियत खराब हुई थी, जिसके बाद गांव के डॉ. लालदेव कुमार उर्फ लालू ने एक इंजेक्शन दिया। इससे स्थिति और बिगड़ गई। स्थिति बिगड़ता देख झोलाछाप डॉक्टर फरार हो गया। परिजनों ने अचेत अवस्था में सुरेन्द्र का कई प्राइवेट हॉस्पिटलों में ईलाज कराया, जिसमें काफी खर्च हो गया। इसके बाद परिजन रांची रिम्स ले गए। वहां ईलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने बीच सड़क में शव रखकर एनएच 22 पथ को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी झोलाछाप डॉक्टर की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा व सीओ अरुण कुमार मुंडा दलबल के साथ पहुंच कर लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद से झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक बंद कर फरार है।

## राजधानी के पौष इलाके में हुई दिनदहाड़े लूट, आस पास लुटेरों की दहशत

**रांची।** राजधानी में फिर से दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। अपराधियों ने दुकान में घुसकर रिवाल्वर की नोक पर लूटपाट की है। घटना मंगलवार को गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित एक फ्लावर डेकोरेशन दुकान की है। जहां अपराधियों ने फ्रेश पेटल नाम की दुकान से 1 लाख 67 हजार रुपए लूट ली। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। आस पास के दुकानदारों का कहना है ऐसे पौष इलाके में भी अगर चोर बेखौफ हैं तो राजधानी वासियों के लिए चिंता का विषय है। फ्रेश पेटल शॉप के संचालक राकेश सिंह ने कहा कि मेरी दुकान से बस पांच सौ मीटर की दुरी पर विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री आवास और गोंदा थाना है। पूरी राजधानी में यह सबसे पौष इलाका कहलाता है। ऐसे में इस जगह पर भी लूट की घटना का होना रांची पुलिस पर कई सवाल खड़ी करती है। उन्होंने कहा कि घटना घटने के बाद राकेश सिंह ने अपने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। संचालक के परिजनों का कहना है गोंदा थाना से दुकान मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर है बावजूद इसके पुलिस को पहुंचने में 40 मिनट लगे। वहीं, लूट सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमे देखा गया कि संचालक राकेश सिंह दुकान में अकेले थे उसी दौरान दो युवक दुकान में आए रिवाल्वर निकाली और उन पर तान दी।

नेशनल हेराल्ड मामला

## ईडी ने राहुल, सोनिया व पित्रोदा के खिलाफ दायर किया आरोपपत्र



- 25 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने इस मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी और ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मनी लांड्रिंग मामले में दायर ईडी के आरोपपत्र में सुमन दुबे और अन्य के नाम भी शामिल हैं। अदालत ने मामले में संज्ञान पर बहस के लिए 25 अप्रैल की तारीख तय की है। इससे पहले ईडी ने इस मामले से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। राज्यसभा सदस्य एवं दिग्गज कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इसे बदले की राजनीति बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहनकर सरकार प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना प्रधानमंत्री और **शेष पेज 11 पर**

इंडिया

## बंगाल मणिपुर की हिंसा पर सतही बयानबाजी और विदेशी षड्यंत्र



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बौद्धिक और सामाजिक आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता की लड़ाई में उल्लेखनीय योगदान देनेवाला बंगाल अपनी साहित्यिक,सांस्कृतिक और अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए जाना जाता रहा है पर विगत कुछ वर्षों से हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं और उसके साथ भाजपा तृणमूल की राजनीतिक बयानबाजी भी पर हाल में जो हुआ और भविष्य में होने वाला है उसपर केंद्र और बंगाल की ममता सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा इसकी आंच देश के अन्य भागों तक पहुंचेगी और स्थिति कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन जैसी होकर उन विदेशी तत्वों का मकसद पूरा कर देगी जो चाहती हैं कि भारत अंदरूनी झगड़ों में उलझा हुआ रहे और इसकी तेज आर्थिक विकास का पहिया थम जाए। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के बाद से जहां तनाव की स्थिति से अल्पसंख्यक हिंदू भयभीत हैं। हिंसा प्रभावित इलाकों से सैंकड़ों हिंदू पलायन कर भागीरथी नदी पार कर मालदा जिले में या झारखंड में शरण ली है। इनके अनुभव कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन जैसे हैं। राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि कट्टरपंथियों के डर से लोग भागने को मजबूर हैं। फरक्का से तृणमूल कांग्रेस विधायक मनिरुल इस्लाम के भी पलायन करने की खबर है। उनके घर ताला लगा है। हिंसाग्रस्त शमशेरगंज में उपद्रवियों ने बीएसएफ टीम पर फिर फायरिंग की है। हिंसा में बच्चे घायल हुए हैं उपद्रवियों पर कई महिलाओं से छेड़खानी का भी आरोप है।सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एक अलग घटना में शनिवार शाम धुलियान में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। ऐसे में प्रशासन द्वारा हिंसाग्रस्त इलाकों में शांति कायम करने की कोशिशों के बीच रविवार सुबह जिले के हिंसाग्रस्त शमशेरगंज के धुलियान इलाके में उपद्रवियों ने फिर फायरिंग की। क्षेत्र में शांति बहाल करने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए तैनात बीएसएफ टीम को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। इसमें दो बच्चे घायल हो गए।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच फिर वक्फ संशोधन कानून की आड़ में हिंसा की साजिश रची गई। जांच एजेंसी को इस बात का भी अंदेशा है कि यह स्लीपर सेल मुर्शिदाबाद के अलावा भारत-बांग्लादेश सीमा के अन्य सीमावर्ती भारतीय जिलों के भीतर भी इसी तरह की हिंसा को अंजाम देने की फिराक में है।जांच एजेंसियों को ऐसे डिजिटल और वित्तीय ट्रांजैक्शंस के सबूत मिले हैं जो संकेत देते हैं कि हिंसा को अंजाम देने के लिए विदेशी स्त्रोतों से पैसे भेजे गए।इन पैसों का इस्तेमाल भीड़ जुटाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज फैलाने और जमीन पर संगठन बनाने में किया गया।एजेंसियों को यह भी आशंका है कि मुर्शिदाबाद के अलावा, नदिया, मालदा, उत्तर व दक्षिण 24 परगना और कूचबिहार जैसे सीमावर्ती जिलों में भी हिंसा फैलाने की साजिश रची जा रही है। ऐसे में इन इलाकों को लेकर केंद्र और राज्य की एजेंसियों को अलर्ट किया गया है।मुर्शिदाबाद के धुलियान में पिता-पुत्र की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, अफवाह फैलाने वाले 1093 सोशल मीडिया पोस्ट को पुलिस ने ब्लॉक किया है। पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई है। इस टीम में एसटीएफ, सीआईडी और जिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं।



सोशल मीडिया पोस्ट से लेकर इंडी गठबंधन के अनेक नेता बंगाल हिंसा पर सवाल उठाने के बजाय भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि मणिपुर पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई ? भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों को 7 सिस्टर्स या 7 बहनें भी कहा जाता है। मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है। यहां अनुमानित 33 लाख लोग रहते हैं। जिसमें आधे से अधिक मैतेई समुदाय के लोग निवास करते हैं, जबकि लगभग 43 फीसदी कुकी और नगा समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो प्रमुख अल्पसंख्यक जनजातियां मानी जाती हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा के 600 दिन बाद 22 दिसंबर, 2024 को पहली बार हुआ है, जब लगातार एक महीने से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी मैतेई-कुकी समुदायों की महिलाएं सड़कों पर नहीं उतरीं। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। कारण यहां चल रहा सेना का कश्मीर जैसा ऑपरेशन ह्यक्लीनह्न है। कश्मीर में सेना जहां भी सर्च ऑपरेशन चलाती है, वहां पूरे इलाके को आतंक से क्लीन करने के बाद ही सामाजिक गतिविधियों को पटरी पर लाने का काम होता है। मणिपुर में भी कुछ ऐसा ही ऑपरेशन हो रहा है।सवाल यह है कि क्या हमें बंगाल या मणिपुर में शांति बहाली का प्रशासनिक अनुभव या समस्या की जड़ों में जो कारण हैं पता हैं यदि नहीं तो क्या बयानबाजी और सोशल मीडिया पोस्ट से इसका समाधान होगा?

## एक नजर

### आंबेडकर के समतामूलक विचारों को आत्मसात करने की जरूरतः संजय यादव



**हुसैनाबाद।** भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की जयंती पर हुसैनाबाद के सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के लोगों ने आंबेडकर को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन की। मौके पर शहर के आंबेडकर चौक के समीप भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता विजय कुमार कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, गुरू प्रसाद, संतोष कुमार समेत कई लोगों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की आंबेडकर एक विचार और एक क्रांति के प्रतीक है। उन्होंने अपने असंख्या योगदानों के माध्यम से देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके समतामूलक विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर शेर अली ने कहा की डॉ. बीआर आंबेडकर का जीवन सिर्फ संघर्षों की श्रृंखला नहीं था।

# खराड़पर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर स्थापित प्रतिमा की चोरी, सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के खराड़पर गांव के स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा को बीती रात चोरी कर ली गई। प्रतिमा को उखाड़ कर असामाजिक तत्वों द्वारा चुरा लिया गया। आक्रोशित लोगों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क को खराड़पर गांव के पास जाम कर दिया है। जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतारें लग गयी है। प्रशासन द्वारा आरोपी पर कार्रवाई किये जाने की बात पर ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे के बाद जाम हटाया। बताया जाता है डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन मूर्ति स्थापित करने के दौरान गांव के ही कुछ लोगों द्वारा



भूमि पर विवाद किया गया था। इसके बाद हुसैनाबाद प्रशासन घटना स्थल पहुंच कर मामले को शांत कराया था। रात्रि में डॉ. आंबेडकर मूर्ति वहां से गायब हो गई। ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह में देखा कि प्रतिमा गायब है। सड़क जाम कर रहे लोगों की मांग है कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के चुराने वालों को अविलंब पुलिस गिरफ्तार करें। प्रशासन भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को उसी स्थान पर तत्काल स्थापित करने की मांग कर रहे थे। जाम का नेतृत्व बसपा नेता अजय भारती समेत अन्य लोग कर रहे थे। जाम कर रहे लोगों को हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार से यह बताने की मांग कर रहे थे कि प्रतिमा स्थल की भूमिका किसकी है। हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, बीडीओ सुनील वर्मा जाम स्थल पर पहुंच कर समझाकर सड़क जाम हटवाया। जाम का नेतृत्व कर रहे बसपा के अजय भारती व मनदीप राम ने बताया कि यह घटना सोची समझी साजिश का नतीजा है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। दोषी लोगों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान व ग्रामीण मौजूद है।

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के जगतपुरवा में टेंपो की चपेट में आने से एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। मृतक बच्चे की पहचान जगतपुरवा निवासी बबलू भुइयां के पांच वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर लेस्लीगंज थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। साथ ही टेंपो को जब्त कर कर थाना ले गई है। बताया जाता है कि टेंपो जगतपुर मोड़ से ओरिया की ओर जा रहा था। बीच में असंतुलित होकर जगतपुरवा मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ा बच्चा रोहित को टेंपो ने टक्कर मार देने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक को स्थानीय लोगों ने पड़ कर पुलिस को सौंप दिया है।

## जिला परिषद से मद से बनीं दुकानों के बीच लगा कूड़े का अंबार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप पलामू जिला परिषद मद से उसी की भूमि पर बनीं दुकानों के बीच की खाली जगह का इस्तेमाल अब कूड़ेदान के रूप में किया जाने लगा है। इससे कूड़े का अंबार लग गया है। वैसे, भी बताया जाता है कि अब तक 6 दुकानों को ही आवंटित किया जा सका है। जबकि मार्केट कॉम्प्लेक्स के रूप में कुल 32 दुकानों का निर्माण किया गया था। लोगों का कहना है कि शटर बंद इन दुकानों का उपयोग नहीं होने और रख रखाव के अभाव में इनकी हालत भी जर्जर होती जा रही है। इनको आवंटित करने से साप्ताहिक और दैनिक बाजारों में सड़कों के किनारों पर दुकानों के लगाने से फैली अव्यवस्था को दूर किया जा सकता था। लोगों का कहना है कि इन दुकानों के सटे ही पंचायती राज के दूसरे कार्यकाल में बने बस पड़ाव पर वाहनों का ठहराव शुरू करा देने से इनकी भी उपयोगिता साबित हो सकती है। साथ ही इसके कैंपस को कूड़ेदान बनने से बचाया जा सकता है। ऐसा हो जाता है, तो कादलकुर्मी-जपला मुख्य मार्ग पर स्थित यह पूरा क्षेत्र सदा के लिए एक बड़े बाजार के रूप में भी विकसित हो सकता है। मगर अब तक इन दो बंद और बेकार पड़े महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान को चालू करने की दिशा में इनकी स्थिति के सूर्खियों में बने रहने के बाद भी सुधि नहीं ली जा रही है। इसका लोगों को मलाल है।

**आवंटित नहीं करने से हालत बनी जर्जर**



## स्वास्थ्य व स्वच्छता ही नहीं पोषण जागरुकता है सशक्त कदम : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पोषण माह के जारी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जल सहिया व संबंधित मुखिया से बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने स्वच्छता अभियान के प्रगति की जानकारी ली। इस क्रम में एसबीएम एचके दयानिधि व जल सहिया गायत्री देवी की उपस्थिति में प्राथि विद्यालय गोल्हना में बच्चों के बीच स्वच्छता व स्वास्थ्य पर कई सवाल का जवाब भी मांगे गये। उन्होंने बच्चों को किसी भी काम को करने के बाद नियमित साबुन से हाथ धोने को प्रेरित कर कहा कि मध्याह्न भोजन ग्रहण करने से पूर्व और शौच से आने के बाद यह कार्य निश्चित कर लें। इससे कई बीमारियों से बचने के साथ ही स्वस्थ पोषण और स्वच्छ परिवेश का लाभ मिल सकेगा। जल सहिया गायत्री देवी ने बताया कि यह पहल पोषण माह तक ही सीमित नहीं, बल्कि इसे नियमित जारी रखा जायेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को घर में भी स्वच्छता के प्रति अभ्यास कराने का आग्रह किया। उधर मोकहर कला में एक सप्ताह तक चली सफाई अभियान का जाएजा मुखिया नाजमा खातून के साथ लेने के बाद कहा कि यह पहल केवल बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने की ही नहीं, बल्कि ग्राम स्तर पर पोषण जागरुकता अभियान का सशक्त कदम है।

## महुअरी में शिव व बजरंग बली की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** प्रखंड के महुअरी गांव में श्री शिव व बजरंगबली मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों कुंवारी कन्याएं व सुहागवती महिलाओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर देवरी सोननदी नदी घाट तक पहुंची। वहां पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया और महिलाओं ने कलश में जल संग्रह किया। यात्रा के दौरान कलश यात्री व गांव के सभी ग्रामीण जय-राम, जय-जय हनुमान का जय घोष करते चल रहे थे। इससे उस क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के यजमान संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कलश यात्रा के साथ यह धार्मिक कार्यक्रम आगामी 18 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा ,पुर्णाहुति व महा भंडारा के साथ संपन्न होगा। गांव में इस कार्यक्रम को लेकर हर्ष का माहौल है। कलश यात्रा में शामिल स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख समृद्धि का संचार होता है। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में भक्ति,एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह,संतोष कुमार सिंह, अरुण सिंह,दिनेश सिंह, अखिलेश्वर सिंह, अरबिंद सिंह, बद्री नारायण सिंह, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत महुअरी शिव व बजरंग बली मंदिर कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी

**ऊंटारी रोड़।** आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर आजनवन खेल मैदान में मनाया गया। मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित किया गया। डॉक्टर आंबेडकर के समावेशी भारत के सपने के बारे में विचार व्यक्त किया गया। इस दौरान जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी ने कहा कि संविधान निर्माता व अग्रणी राष्ट्र निर्माता में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका से आज देश आगे बढ़ता जा रहा है। बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें उनके आदर्शो पर चलकर कार्य करना चाहिए। मौके पर समाज सेवी रामकृष्ण पाल, विनोद पाल, प्रेम पाल, काशीनाथ चौधरी, सीताराम साव, शंकर राम, अजय कुमार विश्वकर्मा , विक्रमा चौधरी, आजनवन विकास समिति के अध्यक्ष असरेश पाल, अखिलेश राम , बैजनाथ राम, विवेक पाल, भरदुल पासवान, आशीष चौधरी, अशोक मेहता, राजकुमार राम, सहित कई लोग मौजूद थे।

# लूटकांड में संलिप्त चार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पुलिस ने मोबाइल, कैमरा व वीडियो कैमरा लूटकांड की घटना में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में तरहसी थाना क्षेत्र निवासी सुशील कुमार यादव पिता राजदेव यादव, चुन कुमार यादव पिता गणेश यादव, राहुल कुमार पिता मदन सिंह, राजन कुमार सिंह पिता रामनंदन सिंह का नाम शामिल है। यह जानकारी मंगलवार को पांकी पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से दी। वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को मनोज कुमार ने वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा व आईफोन कारीमाटी घाटी में 4 अपराधियों द्वारा मारपीट कर लूट लेने का मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में कांड में लूटा गया वीडियो कैमरा,फोटो कैमरा व आईफोन के साथ चार्जर अन्य उपकरण को बरामद कर लिया गया है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो के साथ थाना प्रभारी राजेश रंजन, संतोष गिरी, ददन राम गोंड सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

- 24 घंटे के अंदर पुलिस ने अपराधियों के दबोचा
- लूटा गया सामान बरामद

## रामनगर में बच्चों ने आंबेडकर की जयंती मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत रामनगर गांव में सोमवार की रात बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। इसमें खासकर, बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पहले अभिभावक रामजन्म राम ने सभी बच्चों के साथ मिलकर बाबा साहब की तस्वीर के समक्ष कैंडल जलाया। केक काटा। इस दौरान करतल ध्वनि और बाबा साहब के जयकारे से वातावरण गूंजायमान हो गया। उन्होंने बाबा साहब की जीवनी प्रकाश डालते हुए उन्हें दलितों व वंचितों का मसीहा बताया। कहा कि बाबा साहब को संविधान सभा में जगह नहीं मिली होती, तो इन्हें समानता का अधिकार नहीं मिलता। उन्होंने कलम उठाने की ताकत दी। इससे यह समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अग्रसर होता जा रहा है। उन्होंने बच्चों को बाबा साहब की जीवनी से प्रेरणा लेकर हर कठिनाइयों और विपरीत परिस्थितियों



से लड़ते हुए परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की दिशा में सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी। बालिकाओं ने भाषण व शेरो शायरी के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष को प्रेरणादायी बताया। इस कार्यक्रम को लेकर आसमानी रंग के झंडे-पताके व बैलून से गलियों को सजाया गया था। आसमानी पट्टा भेंटकर सभी को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय राम, विकास, गोलू, दीपक, विवेक, अमरकांत, उज्जवल, अक्षय, राकेश, अंगद, अंशुमान, लालमणि देवी, सुप्रिया, प्रिया, अनुप्रिया, पायल, काजल, पूजा सहित अन्य कई शामिल थे।

## महिलाओं व बच्चों की सजगता से पोषण व स्वच्छता का माहौल बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (8-22 अप्रैल) में पोषण व स्वच्छता अभियान को लेकर विभिन्न गांवों की जल सहियाओं की सरकारी दायित्व के प्रति उनकी सक्रियता और महिलाओं व बच्चों की इसके प्रति सामाजिक सजगता से उनके संयुक्त प्रयास से इसको लेकर गांवों में माहौल बन गया है। इसमें उनकी प्रेरणा से संतुलित आहार ग्रहण करने के प्रति भी लोगों में जागरूकता पैदा हो गई है। इस दिशा में ब्लॉक वाश कॉडिनेटर प्रेमतोष पांडेय का मार्गदर्शन कारगर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा में भजनियां की शकुंतला देवी के साथ ही पंसा पंचायत के रानीदेवा में जलसहिया पूनम देवी और अधौरा में शारदा देवी के अलावा किरण कुमारी मोहम्मदगंज, मीना देवी गजरही,पूनम देवी पंचपोखरी, प्रतिमा देवी गंगापुर



लंकासुर और माली गांव की जल सहिया मंजू देवी स्वच्छता और पोषण संबंधित विभिन्न कार्यक्रम को लेकर दायित्व के प्रति सक्रिय और समर्पित नजर आईं हैं। उन्होंने बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को टीका लेने के प्रति सजग रहने के साथ ही उन्हें संतुलित आहार ग्रहण करने के प्रति जागरूक और प्रेरित किया है। संतुलित आहार एक ऐसा आहार है, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। जिसमें कार्बन, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर युक्त भोजन शामिल हैं। यह ताजे फलों, सब्जियों, मांस, मछली, नट्स, बीन्स, और डेयरी जैसे खाद्य पदार्थों में मौजूद हैं। मंगलवार को शेड्यूल के हिसाब से जलसहिया मंजू देवी (माली-लटपौरी), मोहम्मदगंज पंचायत की जलसहिया किरण कुमारी (शीलापर), पंसा पंचायत के रानीदेवा की जलसहिया पूनम देवी, जलसहिया अनीता देवी और गंगापुर लंकासुर की प्रतिमा देवी ने इस अभियान के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई करते कराते हुए बच्चों और महिलाओं को इस दिशा में प्रेरित किया है।

### गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में 'बहु विषयक शिक्षा और करियर के अवसर' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय में 'बहु विषयक शिक्षा और करियर के अवसर' एक साथ कई विषय पढ़ने की सुविधा, विभिन्न करियर विकल्पों के लिए इसकी उपयोगिता विषय पर ऑनलाइन नेशनल वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार के मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बहु विषयक अध्ययन की अवधारणा को विस्तार से समझाया। बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अब एक साथ विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का अध्ययन कर विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं। कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय की शिक्षा प्रणाली को लचीला बनाते हुए विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा प्रदान करना समय की मांग है। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यावसायिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने वेबिनार के मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहु विषयक शिक्षा भविष्य की नींव है। कॉलेज इसके क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में देश भर से अन्य विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। वेबिनार में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया व100 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन रूप से उपस्थित रहे।

### चौकीदार का निधन, शोक

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकना डेरा गांव निवासी सह चौकीदार राजदेव दुसाध (57) वर्ष का इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक रामदेव दुसाध चौकीदार हुसैनाबाद थाना में पदस्थापित थे। मौके पर अनुमंडलीय चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहमद हुसैन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों पहले उनको हार्ड अटैक आया था, जिसके बाद रांची में इलाज कराया गया। वहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इसमें थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पूर्व मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी रविन्द्र पासवान,बृजदेव राम,पूर्व मुखिया संतोष कुमार चौधरी, ललन पासवान, ददन पासवान, विनोद पासवान, शिवनाथ पासवान, रोजगार सेवक अजय पासवान, अखिलेश पासवान ,प्रदीप पासवान, रंजन पासवान ,चन्द्रन राम, श्री बैठा, ननक पासवान, राजेश कुमार, रवी सुदेश्वर पासवान, अरविंद पासवान, असरेश पासवान सहित ग्रामीणों ने शोक जताया है।

## पैशन बनी मूंग की खेती, जुताई व बोवाई में जुटे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गर्मा फसलों में मक्का के बाद एक दशक से इस इलाके में मूंग की खेती किसानों का पैशन बन गया है। इसे सरकार की बीज प्रत्यक्षण कार्यक्रम का करामात बताया जाता है। बताया जाता है कि तत्कालीन बीटीएम संजय कुमार ने किसानों को इसके लिए प्रेरित किया था। इसकी बड़ी वजह अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर बिजली आपूर्ति से सिंचाई की मुक्कमल सुविधा उपलब्ध रहना भी बताया जाता है। इसके बावजूद हाल के वर्षों में भीमबराज में गर्मी में भी भारी जलसंग्रहण से सिंचाई कूप और बोरिंग का जलस्तर का कम नहीं होना भी है। किसान रामजन्म राम, लल्लू मेहता, कृष्णा यादव व अन्य ने बताया कि गेहूं की कटनी के बाद से खेतों की जुताई और बोवाई शुरू हो गई है। धान की खेती से पहले तक कम से कम तीन बार इसके पौधों से फलियों की तोड़ाई कर दाने निकाल लिए जाते हैं। अच्छी धूप और पछुआ हवा इसके पौधों और फलों को तैयार करने के लिए अनुकूल वातावरण हैं। सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन संपन्न रामनगर के किसान घरों के आसपास जबकि अन्य वर्षों की तरह शिलापर, बिचलाडीह,बस्ती और रविवारीय बाजार एरिया के किसान कोयल तटवर्ती खेतों में मूंग की बोवाई करते हैं। इससे एक बड़े क्षेत्र में फैली हरियाली फैल जाती है। इससे हिट वेव के खतरनाक मौसम में भी सुबह-शाम आंखों को सुकून मिलता है। बयार भी ठंडी लगती है। किसानों का कहना है कि रबी फसल के बाद गर्मी के सीजन में मूंग दाल की खेती आमदनी बढ़ाने का श्रोत बन गया है। इसकी बोवाई के 45 दिनों बाद फलियों में दाने लगने लगते हैं। जबतक झमाझम बारिश नहीं हो जाता है, तबतक फलियों से दाने मिलते हैं। इसके अलावा इसके डंठलों को खेतों से हटाने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि धान की खेती को लेकर खेतों की जुताई के साथ मिट्टी में मिल जाते हैं। धनरोपनी पहले ही बारिश से लबालब खेतों में गलकर उर्वरक के रूप में फायदेमंद साबित होते हैं। इस प्रकार गेहूं-चावल के साथ खुद से पैदा की गई मूंग की दाल अन्य दालों की अपेक्षा कम लागत में उपलब्ध हो जाती है। हालांकि नीलगायों के कारण अब रखवाली बड़ी समस्या बन गई है।

### बीडीसी की बैठक में नामित तीनों मुखिया ने नहीं लिया भाग

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में मंगलवार को तय समयानुसार आयोजित बीडीसी की बैठक की कार्यवाही तो शुरू की गई, किन्तु इसमें नामित प्रखंड के तीनों मुखिया सदस्य उपस्थित नहीं हो सके। जिससे प्रखंड प्रमुख, सचिव अन्य कर्मी व प्रतिनिधि ही इस बैठक को सफल बनाने में जुटे रहे।बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बीडीसी में उनके अलावा बरडंडा व कुकही के मुखिया क्रमशः सुदर्शन राम व रेणु देवी नामित सदस्य हैं। उन्हें जान बूझकर इस मासिक बैठक की सूचना नहीं दी जाती। इससे उनके मनमानी और विकास कार्यो के चयन या प्रस्ताव लेने में खलल उत्पन्न होने का अंदेशा रहता है। उन्होंने कहा कि इनके रवैये को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री व वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। इस रवैये से बीडीसी के सभी सदस्यों के बीच समन्वय टूटता नजर आया है। इससे प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य का क्रियान्वयन और समीक्षा कार्य में भी संशय बना है।

**विडंबना** — मोरम की अवैध खुदाई से खंडहर बना हुसैनाबाद का सोहेया पहाड़

# बिना लीज के उत्तर कोयल नहर में प्रतिदिन हो रहा सैकड़ों ट्रैक्टर परिवहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अवैध उत्खनन के मामले में जपला-छत्तरपुर मुख्य मार्ग पर सोहेया पहाड़ माफियाओं का चारागाह बना है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध उत्खनन कर मोरम उत्तर कोयल नहर के मार्ग में डंप किया जा रहा है। इससे बिना लीज के इस पहाड़ को खोखला कर दिया गया है। इस संबध में नहर जीर्णेद्धार कार्य में लगे संवेदक को भी जानकारी नहीं कि उक्त मोरम किसके आदेश से मंगाया जा रहा है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अजय



गुप्ता व बिमलेश सिंह ने कहा कि राज्य सरकार और उनके रहनुमा मात्र बालू के वाहन को धर पकड़ में लगी है। रोज सैकड़ों वाहन अवैध मोरम की खुदाई को कौन राकेगा। इस मामले में सोहेया पहाड़ खोखला ही नहीं हो रहा है, बल्कि आसपास बसने वाले के लोगों केपर्यावरण के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। उन्होंने उत्खान के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि उत्खान स्थल से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में जंगल नहीं होना चाहिये, न ही 40 मीटर के दायरे में हाईटेंशन बिजली के तार व पांच मीटर पर छोटे खंभे पर भी तार नहीं होना चाहिये। उन्होंने यह भी सवाल किया है बेरोकटोक हो रहे मोरम के उत्खनन स्थल की उक्त नियमों की जांच व जाएजा किसी भी स्तर पर ली गई है कि नहीं। उन्होंने राज्य सरकार व पलामू प्रशासन से उत्तर कोयल नहर मार्ग पर पलामू जिले के मोहम्मदगंज स्थित बहुचर्चित भीम बराज के जीरो आरडी से हैदरनगर के कोसीआरा, संतोषडीह, सिमरसोत तक उपयोग की गई मोरम की जांच कर आवश्यक कागजात देखकर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आखिर उक्त मोरम का उपयोग किस स्थान से लाकर किया गया और इसके लिये किस स्तर पर आदेश लिया गया। यह मामला शत प्रतिशत जांच का विषय है।

### भाजपा कार्यकर्ता जनहित के कार्यों में भागीदारी बढ़ाएं : श्याम नारायण

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन हुआ। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। इसमें हुसैनाबाद विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं की भूमिका व केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई।उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां सभी वर्गो के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कार्यकताओं को कागज के बजाए धरातल पर उतरकर जनहित के कार्य करने व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर बूथ कार्यकताओं के मददगार बनने की बात कही। इस मौके पर रामप्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, सोमेश सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, विजय कुमार कुशवाहा, सीबी रमन सिंह, विनोद पांडेय, सतेंद्र पासवान, राजीव रंजन, रामेश्वर राम आदि मौजूद थे।

## पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए खुशखबरी

# पलामू एक्सप्रेस की समय सारिणी में हुआ बदलाव, अब डालटनगंज स्टेशन पर 10:05 बजे पहुंचेगी ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के सतत प्रयासों के फलस्वरूप पलामू एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13347/13348) की समय सारिणी में परिवर्तन किया गया है। अब यह ट्रेन बरकाकाना से पटना की दिशा में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात 10:05 बजे पहुंचेगी और 10:10 बजे प्रस्थान करेगी। गौरतलब है कि पूर्व में इस ट्रेन का आगमन डालटनगंज स्टेशन पर रात 12:30 बजे और प्रस्थान 12:35 बजे होता था, जिससे खासकर पलामू क्षेत्र के यात्रियों को पटना जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस मुद्दे को लेकर सांसद श्री राम ने कई बार मंडल संसदीय बैठकों में चर्चा की, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखे और व्यक्तिगत रूप से भेंट कर इस समय बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित किया। अंततः रेलवे बोर्ड द्वारा समय परिवर्तन की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

यह परिवर्तन पलामू क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग थी। अब यात्रियों को पटना जाने के लिए अधिक अनुकूल और सुविधाजनक समय पर ट्रेन उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर सांसद ने देश केप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू की जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

### पलामू एक्सप्रेस के समय में हुआ परिवर्तन, यात्रियों में खुशी की लहर



**मेदिनीनगर।** पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के प्रस्थान समय में लंबे समय से किए जा रहे बदलाव की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। अब यह ट्रेन पूर्व निर्धारित समय 12:30 बजे के स्थान पर रात्रि 10:10 बजे प्रस्थान करेगी। इस मांग को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित आवास पर सांसद से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल में जगनारायण मेहता, बिनोद कुमार सोनी और सुमन कुमार शामिल थे। सांसद ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया था कि पलामू एक्सप्रेस के समय में शीघ्र ही बदलाव किया जाएगा। समय परिवर्तन की आधिकारिक घोषणा के बाद पलामू जिले के यात्रियों में हर्ष का माहौल है। पटना की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों ने इस फैसले का स्वागत किया है और इसे सुविधाजनक बताया है।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में सुविधाओं पर चर्चा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,पलामू की मासिक बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में हुई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र और संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रांत समिति और स्टेशन हेडक्वार्टर से जिला सैनिक बोर्ड की पलामू में स्थापना, सीएसडी कैंटीन की सुविधा के लिए बात चल रही है। सतत मिलाप टीम ने भी पलामू के पूर्व सैनिकों की उपरोक्त दोनों समस्याओं को उच्च स्तर पर उठाया है। संगठन के लिए कार्यालय के बारे में भी चर्चा की गई। अन्य सुविधाओं के तहत ईसीएचएस और सुदूर क्षेत्र में रह रहे पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि जब तक ऑनलाइन कैंटीन सुविधा शुरू नहीं होती, तब तक सतत मिलाप टीम से मोबाइल कैंटीन मेदनीनगर में प्रति माह लाने के लिए अनुरोध किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि आज भी सतत मिलाप टीम रांची से आई है, और पूर्व सैनिकों की समस्या पर इंटरेक्शन ईसीएचएस में चल रहा है। मौके पर संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, परिषद के जिला संरक्षक शिवजी सिंह, जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, कार्यकारी महासचिव सुनील कुमार सिंह, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, कमल नयन तिवारी, विकाश तिवारी, प्रेमचंद शुक्ला सहभागिता रही।

# वर्षों बाद मोहन सिनेमा की घंटी फिर बजेगी शहर को मिलेगा अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर का ऐतिहासिक मोहन सिनेमा हॉल एक बार फिर से नई पहचान के साथ लौट रहा है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल से मोहन सिनेमा हॉल में फिर से रौनक लौटेगी।



उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि जहां 1940 में मेरे पिता ने मोहन सिनेमा की नींव रखी थी, वहीं 1989 में हमने–मैं और मेरे भाई–इस विरासत को आधुनिक रूप देकर दोबारा शुरू किया था। अब हमारी तीसरी पीढ़ी इसे समय की मांग के अनुरूप दो मल्टीप्लेक्स स्क्रीन के साथ शहर को समर्पित कर रही है।

शंकर ने बताया कि मोहन सिनेमा केवल एक फिल्म हॉल नहीं था, बल्कि वह दर्जनों छोटे व्यापारियों की आजीविका का माध्यम भी रहा है।

उन्होंने खुशी जताई कि अब उनके मल्टीप्लेक्स 'हेरिटेज स्क्वायर' की पहली घंटी बजते ही आसपास का माहौल फिर से जीवंत हो उठेगा और शहरवासियों को गर्व से अपने मेहमानों से कहने को मिलेगा– 'हमारे शहर में भी है अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स।' इस पहल के पीछे एक खास भावना भी जुड़ी है। आनंद शंकर ने बताया कि इस परियोजना को साकार करने में शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर की अहम भूमिका रही। वह हमेशा कहा करती थीं कि शहर की महिलाएं और युवा मुझसे अक्सर मल्टीप्लेक्स की मांग करते हैं। आज उनका सपना साकार हो रहा है।

# जेएस कॉलेज के 18वें प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ. एके वैद्य ने संभाला पदभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय (जेएस कॉलेज) के 18वें प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ. ए.के. वैद्य ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. वैद्य ने कहा कि महाविद्यालय परिसर को पूरी तरह स्वच्छ बनाए रखने और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र ही सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की जाएगी। डॉ. वैद्य ने बताया कि महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी। साथ ही, सोशल मीडिया, प्रेस तथा शिक्षकों के सहयोग से यह प्रयास किया जाएगा कि छात्र-छात्राएं नियमित रूप से कॉलेज आएं और अपने भविष्य के निर्माण के लिए पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि कक्षाओं के संचालन के लिए 'मास्टर रूटीन' लागू किया जाएगा, तथा सभी कर्मचारियों को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। छात्रों को महाविद्यालय में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि महाविद्यालय परिसर तथा शेष बची भूमि की सुरक्षा के लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाकर विश्वविद्यालय को भेजी जाएगी। आगामी 22 अप्रैल से आरंभ होने वाली स्नातक परीक्षाएं पूर्णतः कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजित की जाएंगी। डॉ. वैद्य ने अंत में कहा कि उन्हें एनपीयू कुलपति द्वारा जो विश्वास प्रदान किया गया है, वह छात्र हित में पूरी निष्ठा से कार्य कर उस पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे।

### आजसू छात्र संघ ने नवनियुक्त प्राचार्य को दी शुभकामनाएं



**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. ए.के. वैद्य से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व छात्र नेता हिमांशु रंजन ने किया। छात्र नेताओं ने प्राचार्य को अंगवस्त्र, कलम, पुस्तिका एवं मिठाई भेंट कर बधाई दी। अभिषेक राज ने महाविद्यालय की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता है। हिमांशु रंजन ने आशा जताई कि नया नेतृत्व महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्राचार्य डॉ. वैद्य ने आश्वस्त किया कि वे शिक्षा गुणवत्ता एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि अगर मेरा कार्य छात्रों के हित में नहीं रहेगा, तो मैं तत्काल इस्तीफा दे दूंगा। इस अवसर पर दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिनमें कुणाल कुमार सिंह, सौरभ कुमार, आर्यन सिंह, स्मृति सिंह, पवन प्रजापति, और अन्य शामिल थे।

# कांग्रेस की 'संगठन सृजन 2025' को लेकर मंथन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को परिसदन भवन में 'संगठन सृजन 2025' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन पाठक ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं जिला प्रभारी विनय सिन्हा (दीपू सिन्हा) मौजूद रहे।

बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों और प्रखंड प्रभारियों ने भाग लिया। जिला प्रभारी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए प्रखंडों को तीन-तीन के समूह में जोन में बांटा जाएगा।

बैठक में निर्देश दिया गया कि लगातार तीन बैठक से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि मंथन का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान ढूंढना एवं नए नेतृत्व को अवसर देना है।

इस अवसर पर चंद्रशेखर शुक्ला, विनोद तिवारी, ओमप्रकाश अमन, विमला कुमारी, सत्येंद्र सिंह समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# खेल के मैदान की कमी से जूझ रहे सरकारी विद्यालय, बस्ते के बोझ तले दब रही प्रतिभाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित दर्जनों सरकारी विद्यालय खेल मैदान के अभाव से जूझ रहे हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति का उद्देश्य भी विद्यार्थियों को खेलों में दक्ष बनाना है, किंतु वास्तविकता इससे कोसों दूर है। नगर निगम क्षेत्र के अधिकांश सरकारी स्कूलों में खेल मैदान उपलब्ध नहीं हैं। कई स्कूलों के आसपास मैदान तो हैं, लेकिन चारदीवारी न होने से उनका सुरक्षित उपयोग नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में अनेक खेल प्रतिभाएं विद्यालयी बस्तों के बोझ तले दब कर रह जाती हैं।



सरकार द्वारा बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के कई प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन मैदानों के अभाव में ये प्रयास सार्थक नहीं हो पा रहे। तकनीक के इस युग में छात्र आउटडोर गतिविधियों से वंचित होते जा रहे हैं।

**कई विद्यालयों में नहीं है खेल मैदान :** शहर के अनेक विद्यालयों में पढ़ाई के लिए पुराने भवन हैं और कुछ में नए भवन बने हैं, लेकिन खेल मैदान नहीं हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गणेश लाल विद्यालय, ब्राह्मण विद्यालय, गिरिवर स्कूल समेत कई प्रमुख स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था नहीं है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (जिला स्कूल) के अतिरिक्त अन्य किसी विद्यालय के पास खेलकूद के लिए उपयुक्त स्थान नहीं है। यहां नियुक्त शारीरिक शिक्षक भी बच्चों को खेल सिखाने की बजाय अन्य कार्यों में लगाए जाते हैं।

**सरकारी धन की हो रही बबार्दी** : एक ओर सरकार खेलों के विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर ₹खेलो झारखंड₹ जैसी प्रतियोगिताओं में बिना उचित तैयारी के बच्चों को मैदान में उतार दिया जाता है। मैदान न होने के कारण छात्र अपनी प्रतिभा होते हुए भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते।

**शिक्षा के अधिकार का नहीं हो रहा पालन :** 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' के तहत स्कूलों में खेलकूद गतिविधियाँ अनिवार्य हैं, लेकिन मैदान के अभाव में इसका अनुपालन नहीं हो पा रहा। इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कुछ स्कूलों में मैदान हैं भी तो वे या तो अविकसित हैं या उनकी देखभाल नहीं की जाती।

## जिला प्रशासन के रक्तदान शिविर में 189 यूनिट रक्त संग्रह

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में मंगलवार को सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक जिले के विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारियों व कर्मियों का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का दीप प्रज्जवलित कर उपायुक्त रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने विधिवत रूप शुभारंभ किया। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर रक्तदान करने वाले सीआरपीएफ, पुलिस कर्मी, जिला व प्रखंड के अधिकारियों व कर्मियों का इस नेक काम के लिए रक्तदानियों का हौसला अफजाई किया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, डीएफओ समेत जिले के अन्य वरीय अधिकारियों ने भी बढ़ चढ़ कर रक्तदान शिविर में भाग किया। उपायुक्त ने कहा कि रक्त की सुनिश्चितता करने के लिए पूरे साल कैलेंडर बनाकर कैंप आयोजित किया जाएगा। रक्तदान महादान है, क्योंकि रक्तदान से जिंदगियां बच सकती है। इसके लिए सभी को बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए। जिले में रक्त संगृहीत रहने से थैलेसीमिया, एनीमिया, एक्सीडेंटल समेत अन्य गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। जिले में पहली बार शिविर में कुल 189 यूनिट रक्त संगृहीत किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, दक्षिणी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसडीओ चतरा जहूर आलम, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, सभी कार्यालय प्रधान, रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

# रांची प्रेस क्लब में तृतीय अलंकरण समारोह सम्पन्न, द सॉन्ग ऑफ लाइफ : फिलिंग ऑफ इंटरनिटी उपन्यास का लोकार्पण

**कंदाखाड़ के शिक्षक अमरेश कुमार सिंह के पहले अंग्रेजी उपन्यास को मिली साहित्यिक सराहना, समस्त आय गरीब बच्चों की शिक्षा को समर्पित करने की घोषणा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित प्रेस क्लब में झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति द्वारा तृतीय अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य के साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि के रूप में पांकी, कंदाखाड़ निवासी शिक्षाविद् एवं रचनाकार अमरेश कुमार सिंह के प्रथम अंग्रेजी उपन्यास द सॉन्ग ऑफ लाइफः अ फिलिंग ऑफ इंटरनिटी का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह कृति दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था स्वतंत्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की गई है। लोकार्पण अवसर पर समिति अध्यक्ष शिरोमणि महतो, महासचिव नीरज नीर, वरिष्ठ कवि एवं लेखक अशोक प्रियदर्शी, प्रकाशक सुशील स्वतंत्र समेत अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

द सॉन्ग ऑफ लाइफः अ फिलिंग ऑफ इंटरनिटी उपन्यास मानवीय अनुभूतियों, प्रकृति से तादात्म्य, प्रेम, वियोग, आध्यात्मिक यात्रा और जीवन के गूढ़ संदर्भों को अत्यंत मार्मिकता से चित्रित करता है। यह कृति पाठक को संवेदनाओं की गहराई में ले जाती है और जीवन के गूढ़ तत्वों से परिचित कराती है। वरिष्ठ कवि नीरज नीर ने उपन्यास की आरंभिक पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा, 'पहली पंक्ति ही अंतर्मन को स्पर्श करती है। लेखक की कलम में संवेदना की गहराई स्पष्ट परिलक्षित होती है। यह रचना निश्चित ही साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगी।' समिति अध्यक्ष शिरोमणि महतो ने उपन्यास को समसामयिक साहित्य में विचारोत्तेजक योगदान बताते हुए कहा, 'लेखक की यह रचना विमर्श का विषय बन चुकी है, जिसके लिए वह अभिनंदन के पात्र हैं।' लेखक अमरेश कुमार सिंह, जो वर्तमान में पांकी उच्च विद्यालय में अंग्रेजी विषय के पीजीटी शिक्षक ने भावुक होते हुए कहा, 'यह उपन्यास मेरे सपनों की अभिव्यक्ति है। दो वर्षों की साधना के पश्चात यह कृति साकार हुई है। इस पुस्तक से होने वाली समस्त आय मैं आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की शिक्षा पर व्यय करूंगा।'

# मिशन समृद्धि संस्था ने सत्तुआन पर्व पर जरूरतमंदों के बीच किया सत्तू-गुड़ का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्तुआन पर्व के अवसर पर अम्बेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वाले जरूरतमंदों एवं राहगीरों के बीच सत्तू और गुड़ का वितरण किया। यह आयोजन न केवल परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी प्रतीक बना।



संस्था की सक्रिय सदस्य आरती श्रीवास्तव का इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। लगभग 25 से 30 दोना-पत्तल विक्रेताओं के साथ-साथ राह चलते अनेक जरूरतमंद लोगों को भी सत्तू-गुड़ वितरित किया गया। वितरण के दौरान लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी।

संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि सत्तू बांटना बड़ी बात नहीं है, बल्कि पर्व-त्योहारों में इन लोगों के जीवन का हिस्सा बनना अधिक महत्वपूर्ण है। हमें इनके हुनर, विशेष रूप से दोना-पत्तल जैसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को जीवित रखने में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग बहुत ही सीमित संसाधनों में जीवन यापन कर रहे हैं, वे आज भी पारंपरिक हूनर को संजोए हुए हैं, जो न केवल जीविकोपार्जन का माध्यम है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है।

इस सेवा कार्य में बैजंती गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा, ममता एवं अन्य सदस्यों का भी सराहनीय योगदान रहा। मिशन समृद्धि संस्था का यह प्रयास समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है।

## एक नजर

### बीडीओ ने की बैठक, दिए निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने नगर निकाय में पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण के लिये डोर टू डोर किये गये सर्वे जांच के लिये प्रतिनियुक्त कर्मियों व पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को शीघ्र पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी कर्मी नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर टू डोर जाकर इस कार्य को पूरा करें, ताकि निर्धारित समय तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। बैठक में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक व कर्मी उपस्थित थे।

### नए छात्र-छात्रओं को तिलक लगाकर कक्षा में प्रवेश कराया गया

**श्री बंशीधर नगर।** सीरियाटोंगर स्थित बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को नये सत्र के लिए नामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत शॉला ओढ़ाकर प्रवेश कराया गया। स्कूल के निदेशक मनीष सिंह, प्राचार्य रवीश प्रजापति, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सभी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश कराया। सबसे पहले नर्सरी कक्षा की छात्रा को शॉल ओढ़ाकर प्रवेश कराया गया। इसके बाद प्रातः सभा का संचालन शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष छात्रों ने दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल आधुनिक व उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है।

# पानी लेने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

- दोनों पक्षों से आठ लोग घायल
- जमकर चली लाठी डंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के खरडीहा पंचायत के हरिजन टोला में पानी को लेकर दो गुटो के बीच मारपीट में आठ लोग घायल हो गए है। मंगलवार को खरगडीहा पंचायत के हरिजन टोला में मनोज कुमार रवि व शिवराम के बीच पीने के पानी के लेकर आपस में झंझट हो गया। बात इतना अधिक बिगड़ गई की दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे से से एक दूसरे पर हमला कराना शुरू कर दिया। इस आपसी मारपीट में



एक पक्ष के प्रदीप कुमार रवि, मनोज कुमार रवि, रघुनाथ राम, कमेश राम, दूसरे पक्ष से हरेंद्र कुमार, शिवराम, रंजीत कुमार, किशन राम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए शिवराम को गढ़वा रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही जल सहिया शोभा देवी के घर के पास सोलर प्लेट युक्त सरकारी बोर है। सहिया वहां से किसी को भी पानी नहीं लेने देती है। इस बात को लेकर पहले दोनों पक्षों के बीच आपस में तू तू में हुई। इसके बाद लाठी डंडा से मारपीट शुरू हो गया। जिससे दोनों पक्ष से चार-चार लोग घायल हैं। ग्रामीणों की मांग है कि अगर सरकारी बोर है। सरकारी संपत्ति है तो पीने का पानी सभी गांव के ग्रामीणों को मिलनी चाहिए। इस संबंध में पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि भी इस समस्या का निपटारा नहीं करा पाएं है। इस कारण मारपीट हुई है।

### मारपीट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कांडी।** मारपीट के आरोप में कांडी पुलिस ने चार आरोपियों गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। बताते चले की थाना क्षेत्र के जमुआ गांव से मारपीट के मामले के आरोपी 35 वर्षीय सीता राम, 22 वर्षीय उनीस कुमार, 20 वर्षीय मनीष कुमार, 18 वर्षीय सोनू कुमार सभी ग्राम जमुआ गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि 23 मार्च को कांड के वादी राम प्रसाद राम अपने घर के दरवाजा पर बैठे थे। उस समय आरोपियों ने वादी के दरवाजा पर हथियार से लैश होकर वादी व वादी के घर के अन्य सदस्य को मारपीट कर घायल कर दिया था।

## आधा दर्जन स्कूलों में एमडीएम की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देश पर मंगलवार को पंचायत सचिव आयुषी चौबे व आदित्य कुमार ने पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार, मध्य विद्यालय मुकुंदपुर, मध्य विद्यालय कधवन, प्राथमिक विद्यालय बेलाबार, प्राथमिक विद्यालय केतरी, मध्य विद्यालय बलिगढ़ में एमडीएम की जांच की गई। उन्होंने मेन्यू के अनुसार दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन और सप्ताह में दो दिन अंडा या फल के बारे में बच्चों से पूछा गया। स्कूल निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मेन्यू के अनुसार भोजन और सप्ताह में दो दिन अंडा या फल मिलने की बात स्वीकार की। पंचायत सचिव आयुषी चौबे व आदित्य कुमार ने बताया कि आधा दर्जन विद्यालयों की जांच की। जांच के क्रम में पाया गया कि मेन्यू के अनुसार बच्चों को एमडीएम दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि बीडीओ प्रशांत कुमार को शिकायत मिली थी कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं मिलता है, इस पर उन्होंने जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर पीएमश्री मध्य विद्यालय केतार के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में विजय कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम ने मृतक भाजपा सदस्यों के परिजनों से की भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** भाजपा सांसद वीडी राम ने मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता विश्वास प्रसाद व प्रखंड के राजवंश गांव निवासी जिला भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य राम सकल कोरबा के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत ही दुःखद घटना है। विश्वास प्रसाद एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। वहीं राम सकल कोरबा भी पार्टी



के समर्पित कार्यकर्ता थे। दोनों की कमी पार्टी को हमेशा खलेगी। मौके पर भाजपा नेता कपिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रमोद चौबे, गोपाल कुमार यादव,प्रताप साह, राजेश प्रसाद, चंद्रिका सिंह,अलख दुबे,बंधु राम, निर्मल यादव,अमीन प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद ,सोनू प्रसाद, चंद्रिका सिंह विजय सिंह शिवलाल सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## कार्यक्रम

### विचार गोष्ठी में लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए

## एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का धन और समय दोनों बचेगा: भानु

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगीना शाही महिला महाविद्यालय के प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी की शुरूआत बाबा साहब भीमराव आंबेडकर,डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का धन ओर समय दोनों बचेगा। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भारत में रहने वाले लोग की आर्थिक स्थिति सुद्दढ़ होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में एक राष्ट्र एक चुनाव को




लागू होना अति आवश्यक है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश में पहली बार एक बार चुनाव करने की बात नहीं कही जा रही है। इससे पूर्व भी कई बार देश में 1967 तक एक साथ चुनाव हुए हैं। विपक्ष राष्ट्र के विकास के रास्ते मे अवरोध खड़ा करने का कार्य हमेशा से करती आई है, परंतु इस देश की जनता अब सजग है और देश को विश्व पटल पर अग्रणी स्थान में लाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से हर बार धन ओर समय का नुकसान होता है। व्यवस्था में अधिकारी, सुरक्षा कर्मी लगते हैं, जिससे अन्य कार्यों में बाधा पहुंचती है। इससे देश के लोगों को काफी-कठिनाइयों और नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सभी विभागों का चुनाव के समय कार्य सरलता से निष्पादन नहीं हो पाता है। खासकर शिक्षा विभाग में बहुत सारी परेशानियां होती हैं। सारे शिक्षक चुनाव में लग जाते हैं। बच्चों का पढ़ाई रुक जाता है। भविष्य का निर्माण करने की जवाबदेही जिनके कंधों पर है, वह बार बार चुनाव में लग जाते हैं। ऐसे में भारत के भविष्य नौनिहालों को लंबी चुनावी प्रक्रिया के दौरान पढ़ाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ,भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, लक्ष्मण राम,लवली आनंद, शैलेश चौबे ,संजीत तिवारी ,राजीव रंजन तिवारी,प्राचार्य कमलेश कुमार, प्रो मीरा देवी, विजया लक्ष्मी देवी,सुरेंद्र गुप्ता ,मुकेश चौबे, विकास पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नाज आयुर्वेदिक एंड वैलनेस सेंटर का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित पुराना हॉस्पिटल के पास राजा टेंट हाउस में नाज आयुर्वेदिक एंड वैलनेस सेंटर का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों के रूप में हाजी अशफाक खान, सेवानिवृत शिक्षक अच्युतानंद त्रिपाठी, मोहम्मद ताहिर खान, हेल्थ कोच संजय शंकर मेहता, आदिल इकबाल (प्रूफ लेखक), शाहबाज आलम (राजा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर), कमलेश कुमार, और सेटिस्फाइड वेलनेस कोच महेश पांडेय उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया। हेल्थ कोच संजय शंकर मेहता ने उद्घाटन अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक पद्धति न केवल असाध्य बीमारियों का उपचार करती है, बल्कि यह शरीर और मन की समग्र देखभाल प्रदान करती है। सेंटर में सर्दी, खांसी, मलेरिया, टाइफाइड, एलर्जी, गैस, दर्द, सूजन, कमजोरी, चक्कर आना, लीवर, किडनी, सांस की बीमारी, अनिंद्रा, बांझपन, और कमर दर्द जैसी बीमारियों का उपचार किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### टाउन हॉल, गढ़वा में आज होगा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गढ़वा द्वारा आज 16 अप्रैल 2025 (बुधवार) को नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन (टाउन हॉल), गढ़वा में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ पूर्वाह्न 10:30 बजे होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उपायुक्त ने सिविल सर्जन, गढ़वा को पर्याप्त चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, जिला अग्रणी बैंक, गढ़वा के मुख्य प्रबंधक को अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी शिविर में पहुँचकर रक्तदान करें।

### उपायुक्त ने सुनी जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याएं एक-एक कर सुनी व उसके निष्पादन से संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्याएं सुनी व निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। रमना प्रखंड के ग्राम मरवनियां के हरिहर भुइयां ने बताया की उनकी जमीन को एनएच-75 के निर्माण के लिए अधिग्रहित कर लिया गया, परन्तु अभी तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मरवनियां के ही वृद्ध महिला-पुरुषों ने वृद्धा पेंशन पिछले 15 महीने से बिना किसी सूचना के बंद करने की शिकायत की। ग्राम पनघटवा के पारस यादव ने धान का पैसा दिलाने का अनुरोध किया। भवानाथपुर ग्राम अरसली (उत्तरी) के रामजन्म विश्वकर्मा ने बताया की उनकी पत्नी मांति देवी के नाम से 2022 में ही प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्राप्त हुई, किंतु अभी तक उसकी राशि नहीं मिल पाई है। पता करने पर ग्राम सेवक व कोऑर्डिनेटर द्वारा 20 हजार की मांग की गई, जो वह देने में असमर्थ है। जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए।

### कांडी ने नैनाबार को पराजीत कर जमाया खिताब पर कब्जा

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर में आयोजित नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का समापन समारोह हाई स्कूल के मैदान में हुआ।




फाइनल मैच कांडी बनाम नैनाबार के बीच खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री सह विधायक भानु प्रताप शाही ने विधिवत रूप से फीता काटकर मैच का प्रारंभ किया। टॉस जीतकर नैनाबार की टीम बैटिंग करने का निर्णय लिया। नैनाबार ने निर्धारित 10 ओवर मे 6 विकेट खोकर 79 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी कांडी टीम ने 6 ओवर 3 गेंद में 3 विकेट खोकर ही 80 रन बना कर जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच कांडी के विशाल कुमार, मैन ऑफ द सीरीज कांडी प्रियांशु कुमार को दिया गया। विजेता को 31 हजार, उप विजेता को 15 हजार का इनाम भानु प्रताप शाही के हाथों दिया गया। मौके पर पंकज सिंह, शाही सिंह, दिनेश कुमार, संतोश सिंह,अनुप कुमार,बब्लू सिंह, हरिहरपुर ओपी प्रभारी अभिनंदन शर्मा झुना सिंह अखिलेश सिंह, कमेटी अध्यक्ष मंटू साह, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, सचिव दीपू शर्मा मौजूद थे।

### बस व बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के छतरपुर में बस व बाइक की टक्कर में वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दो



लोग घायल हैं। मृतक की पहचान मेराल थानांतर्गत हारादाग गांव निवासी 60 वर्षीय प्यारी चौधरी के रूप में हुई है। घायलों की पहचान गढ़वा थाना अंतर्गत गांगी गांव निवासी सोमी चौधरी का पुत्र अवधेश कुमार चौधरी और प्यारी चौधरी का पुत्र विकास कुमार चौधरी के रूप में हुई है। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि उक्त तीनों एक बाइक पर सवार होकर गढ़वा से हारादाग गांव जा रहे थे। इस दौरान छतरपुर बाइपास पर बस और बाइक की टक्कर हो गई। उक्त घटना में प्यारी चौधरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में सोमवार की रात्रि में बाबा साहब की 134 वीं जयंती मनायी गयी। हरिजन टोला के सार्वजनिक



चबूतरे पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम व बीडीसी प्रतिनिधि लवकुश कुमार रवि थे।कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। सुनेश्वर राम ने पूजा अर्चना सम्पन्न कराए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी ने डॉ. भीम राव आंबेदकर की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब की जयंती मनाना कोई बड़ी बात नही है बल्कि उनके बताए मार्गो पर चल कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक राम ने किया। मौके पर अविनाश कुमार,सूर्यदेव राम,राम ध्यान राम,मनदीप राम,सत्यनारायण राम,नन्द कुमार राम,सोमारू राम,गिरवर राम,अरविन्द कुमार,अमरेश कुमार,सुमित्रा देवी,सरिता देवी ,सविता देवी,कान्ति देवी सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

### भंडारा में जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था की ओर शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि दीनदयाल पासवान और रतन रोनित केशरी ने कहा कि संस्था का फूड फॉर हंगर सराहनीय कदम रहा है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर संस्था के सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

---

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /02/2025-26 | Construction of Green Area near Shivaji Ground in ward no. 22 Under Medininagar Municipal Corporation | 48,69,127/- | 97,383/- | 10,000/- | 6 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | | 12/04/2025 At 05:00 PM | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 13/04/2025 At 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 13/04/2025 At 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 26/04/2025 AT 05:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 28/04/2025 AT 10:00 AM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |

**NOTE :-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

**Part - C** नियम एवं शर्तें

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350348 District (25-26)_D

---

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 **22.04.2025** को **11.00** बजे पूर्वाह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 23.04.2025 को **11.00** बजे अपराह्न से 01.**00** बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 23.04.2025 को 02:**00** बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Beautification of Nagar Nigam Premises in ward no. 24 under Medininagar Municipal Corporation | 848987 | 16980 | 5000 | दो माह |
| 2 | Laying of Paver Block old Nagar Nigam Campus in ward no. 24 under Mediniangar Municipal Corporation | 806603 | 16200 | 5000 | दो माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350347 District(25-26)#D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 01/2025–26**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.04.2025 के 1.00 बजे अपराहण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 23.04.2025 के 3.00 बजे अपराहण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.04.2025 के 3.30 बजे अपराहण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of 1 Nos. Gajibo and Other Important work in Old Circuit House , Latehar | 5,00,891/- | 10,500/- | 1,250/- | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR.NO.350345 Building(25-26):D

---

**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा**
**(महात्मा गाँधी नरेगा)**

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–(N) 244 (अनु0) दिनांक– 27.02.2025 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढवा जिला के सभी 20 प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में योजना स्थल पर बागवानी के लिए गुणवत्तापूर्ण Grafted/Layered आम, अमरूद, नींबू, बेर, कटहल, सहजन, चीकू, नाशपाति, लीची एवं संतरा के पौधा आपूर्ति करने हेतु राज्य स्तर से 30 पौधशालाओं (Nursery) को सूचीबद्ध (Empanelled) किया गया है, जो पौधा आपूर्त्ति करने हेतु NHB (National Horticulture Board) से निबंधित हैं।

गढ़वा जिला में पौधा आपूर्ति करने के लिए सूचीबद्ध 30 आपूर्तिकत्ताओं से मुहरबंद अतिअल्पकालीन निविदा ज्ञापांक 150/मनरेगा, गढ़वा दिनांक 21.03.2025 में अंकित मानक एवं शर्त्तों पर दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 12:30 बजे तक की गई थी एवं निविदा निस्तारण भी दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 03:00 बजे किया जाना था, परन्तु उक्त तिथि एवं समय तक एक भी निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण इसे स्थगित किया जाता है एवं **पुनः दिनांक 23.04.2025 को अपराह्न 03:30 बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा में निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने हेतु उक्त 30 पौधशालाओं (Nursery), जो सूचीबद्ध (Empanelled) किए गए हैं, उनमें से इच्छुक पौधशालाओं (Nursery) से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।** निविदा निस्तारण का कार्य दिनांक 24.04.2025 को अपराह्न 04:00 बजे जिला तकनिकी समिति, निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष किया जाएगा। पूर्व में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 150/मनरेगा, गढ़वा दिनांक 21.03.2025 में अंकित मानक एवं शर्त्तें यथावत रहेगा। जिसकी विस्तृत विवरणी जिला–गढ़वा की वेबसाईट–www.garhwa.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा के सूचना पट्ट से देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा।

PR 350316 (Rural Development) 25-26 (D)

# ट्रक की चपेट में आया युवक, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गयी। घटना रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर जगलदग्गा ग्राम के पास घटी है। युवक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के डीही ग्राम निवासी तबरेज अंसारी पिता मो युनुस अंसारी के रूप में की गयी है। घटना मंगलवार की है। तबरेज लेस्लीगंज के धनगांव का रहने वाला था और डीही में अपनी ननिहाल में रह कर पढ़ाई करता था। मृतक के मामा नेसार अंसारी ने बताया कि तबरेज अपनी मोटरसाइकिल से रांची से डीही गांव जा रहा था। जगलदग्गा के पास यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलने पर वह घटना स्थल पर पहुंच कर आसपास के होटल वालों से पूछने पर बताया कि एक अज्ञात ट्रक वाले ने उसे धक्का मार दिया। होटल वालों ने बताया कि ट्रक के पीछे एक बस भी जा रही थी। जब बस घटना स्थल के पास सड़क से काफी नीचे उतर कर गुजरने लगी तो लोग उत्सुकतावश वहां पहुंचे। पास जा कर देखा कि एक युवक का शव व मोटरसाइकिल पड़ा है। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। शव का पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अनियंत्रित बोलेरो पोल से टकरायी, कोई हताहत नहीं



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के साइन होंडा शोरूम के समीप एक नियंत्रित बोलेरो विद्युत पोल में टकराने से विद्युत पोल के साथ बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक को कोई नुकसान नहीं हुआ। अंधेरा का लाभ उठाकर चालक घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं सहायक अवर निरीक्षक रंजय सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि बोलेरो हजारीबाग की ओर से आ रहा था। इस क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जपुआ गांव स्थित चिल्ड्रन पाराडाइस एकेडमी के समीप मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित बाइक ने बच्चे को टक्कर मार देने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व बच्चे केपरिजनों के तत्परता से उसे निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल बच्चा जपुआ गांव के दिनेश लाल दांगी का पोता बताया जा रहा है। बताया जाता है कि बच्चा मंगलवार की सुबह सड़क के किनारे खेल रहा था। इस क्रम में हजारीबाग की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया।

# वॉलीबॉल के झारखंड कैंप में लातेहार के तीन खिलाड़ी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** खेलकूद व युवा कार्य निदेशालय, रांची, झारखंड द्वारा खेलो इंडिया नेशनल गेम के लिए आयोजित अंडर 18 बालिका वॉलीबॉल चयन ट्रायल में लातेहार डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया। खिलाड़ियों के चयन होने पर 15 अप्रैल को लातेहार जिला महिला पुरुष लीग-कम नॉक आउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमणि टोपो, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने उपस्थित चयनित तीनों खिलाड़ियों को माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा की लातेहार में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को खेल विभाग द्वारा ऑक्सीजन पार्क, रांची स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में आयोजित ओपन ट्रायल में लातेहार डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उनमें तीन खिलाड़ी अनुष्का कुमारी, आभा कुमारी और रजनी कुमारी का चयन झारखंड टीम के कैम्प के लिए किया गया। झारखंड के विभिन्न जिलों के कुल 22 बालिका खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया नेशनल गेम के कैंप के लिए किया गया है। जिसमें लातेहार के तीन खिलाड़ी शामिल है। प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शन के आधार पर कुल 14 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें खेलो इंडिया नेशनल गेम में झारखंड बालिका अंडर 18 टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार छोटू , दिलेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र लातेहार के प्रशिक्षक आलोक कुमार सिंह, संघ के सदस्य शुभम साव, रविन्द्र उरांव, कमलेश उरांव, राहुल कुमार, अंकित कुमार समेत कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## न्यूज | बॉक्स

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**बालूमाथ।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बुधवार को बालूमाथ थाना परिसर में आयोजित किया जायेगा। यह बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने दी। बताया कि आम नागरिकों के शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निवारण के लिए झारखंड पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### खेल स्टेडियम सौंदर्यीकरण कराने की मांग

**चंदवा।** अंकित कुमार के नेतृत्व में युवा भारत का एक शिष्टमंडल मंगलवार को चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्र को ज्ञापन सौंपकर चंदवा इंदिरा गांधी चौक में हाईमास्ट लाइट लगाने, चौक सुंदरीकरण और खेल स्टेडियम का सौंदर्यीकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यहां पर एकमात्र खेल स्टेडियम का सौंदर्यीकरण बेहद जरुरी है। स्टेडियम में गेट और दर्शक दीर्घा के अलावा ओपन जिम जरुरी है। उपप्रमुख अश्विनी मिश्र ने युवा भारत के सदस्यों को आश्वस्त कराया कि एक पखवाड़े के अंदर आपके मांगो को पूरा करने का प्रयास करूंगा। मौके पर विनय कुमार रिक्की,सागर मेहता,अक्षय यादव,रविराज,मोनू जायसवाल मौजूद थे।

### ग्रामीण चिकित्सकों का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल के सौजन्य से बारियातू प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. राजीव नंदन प्रसाद ने चिकित्सा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बीपी, सुगर, महिलाओं में होने वाली सामान्य बीमारियों के प्रारंभिक लक्षण और उसके उपचार के बारे में बताया। साथ ही पेट रोग, एनीमिया,मूत्र मार्ग संक्रमण, शिशुओं में होने वाले सामान्य रोग की पहचान को बताते हुए उसके ईलाज का मार्गदर्शन दिया। ट्युलिप अस्पताल के प्रबंधक सह जसलोक नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर कुनाल गौतम द्वारा इस कार्यशाला मे सहभागिता के लिए सभी ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### हाथियों ने मचाया उत्पात, घर में रखा अनाज किया चट

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात फिर से शुरू हो गया हैं। शिबला पंचायत स्थित शिबला निवासी नन्हू गंझू पिता नागो गंझू के घर में हाथियों ने घुसकर घर मे रखे चावल को खाकर चट कर दिया। पीड़ित नन्हू गंझू ने बातया कि हम सभी परिवार प्रति दिन की तरह बीती रात भी खाना खाकर अपने घर मे सो रहे थे। इस बीच लगभग 11 बजे रात्रि में मेरे घर का दरवाजा टूटने की आवाज सुनाई दिया। इसके बाद हम बाहर निकल कर देखे की हाथी मेरा घर के अंदर घुस हुआ है। हम सभी परिवार किसी तरह अपनी जान बचाकर कर घर के छत के ऊपर चढ़ गए। गावं वालों को हल्ला व फोन कर ग्रामीण को इकट्ठा किया। हाथियों ने घर मे रखा तीन क्विंटल चावल खाकर चट कर दिया। साथ ही घर के अंदर रखा मोटर साइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे 15 हजार रुपए की नुकसान हुआ है।

### सरकारी उदासीनता के खिलाफ ग्रामीणों का संघर्ष : निजी खर्च से बनाया सड़क

**कुंदा (चतरा)।** सरकारी उदासीनता का दंश झेलते हुए नवादा पंचायत के सिंदरी गांव के ग्रामीणों ने सामुदायिक एकता का मिसाल कायम करते हुए अपने निजी खर्च से सिंदरी आंगनबाड़ी केंद्र से राजेश गंझू के घर तक कच्चे सड़क को पोकलेन मशीन की सहायता से मरम्मत कर आवागमन युक्त बनाया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। कच्चे सड़क को आवागमन युक्त बनाने की पहल मे समाज सेवी कमल देव यादव समेत सिंदरी गांव के ग्रामीणों का अहम योगदान रहा। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से वह सरकार से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उन्होंने अपने निजी खर्च से सड़क बनाने का निर्णय लिया।

### उपद्रवियों ने आम के पेड़ों को किया क्षतिग्रस्त

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कबरा पंचायत स्थित वृंदा मोड़ के समीप बिरसा बागवानी मिशन के तहत तीन एकड़ में लगाये गये आम के पौधों को अज्ञात उपद्रवियों ने शनिवार देर रात कुल्हाड़ी से काट कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। भुक्तभोगी खैल्हा निवासी जयमंती देवी ने बताया कि वर्ष 2019-20 में उक्त योजना के तहत आम का पौधा लगाया था। वहां वर्ष 2020-21 में दो अन्य खैल्हा की रहने वाली लाभुक शिवन्ति देवी व पारो देवी ने भी अपने- अपने जमीनों में उक्त योजना के तहत ही आम के पौधे लगाये थे। पेड़ क्षतिग्रस्त होने की जानकारी उन्हें रविवार सुबह में हुई। सभी आम के पेड़ पूरी तरह फलों से लदा था, जिन्हें उपद्रवियों ने कुल्हाड़ी से काट कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। पूर्व बीडीओ रंथु महतो, व्यवसायी रंजीत सिन्हा, ब्रजेश सिंह, जगदीश महतो, अशोक महतो समेत अन्य ने ऐसे दुर्भावना पूर्ण कृत्य की निंदा करने के साथ प्रशासन को आवेदन सौंपकर उपद्रवियों के विरुद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने कहा कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया

**लातेहार।** झारखंड अग्निशमन सेवा द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने को लेकर मंगलवार को लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों की तरफ से स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार के भैया बहन,आचार्य दीदी, कर्मचारियों के बीच अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान आग से होने वाली दुर्घटनाओं को कैसे नियंत्रित किया जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के खेल मैदान में लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा दल की तरफ से अग्निशमन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास, प्रभारी मनोज कुमार सिंह, गौरी शंकर पांडेय, राम विलास उरांव द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जो काफी सराहनीय व प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने भी जलते एलपीजी गैस सिलेंडर को भैया बहनों के बीच अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देश पर बुझाकर दिखाने का काम किया। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सह प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकारनाथ सहाय सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीएम श्री विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के चयनित पीएम श्री विद्यालय हुसिया में मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोनी दीपा बनर्जी, बीपीओ जूनिका हेम्ब्रम, मुखिया उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूत करना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना,आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उक्त बातें प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय हुसिया में आयोजित संस्कृत सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि एडीपीओ मोनी दीपा बनर्जी ने कही। विद्यालय में पूर्व में अध्यनरत छात्र इंतखाब अकरम जो झारखंड सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में अभियंता पद पर कार्यरत हैं। नीलेश कुमार पीडब्ल्यूडी विभाग में अभियंता,सोनू कुमार इंडियन आर्मी में कार्यरत हैं। उक्त सफलता प्राप्त छात्रों ने विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को सफलता की गुर सिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गुप्ता एवं संचालन सहायक अध्यापक रणनजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर आवासीय विद्यालय के लेखापाल परमजीत कुमार,सीआरपी राजेश कुमार,शिक्षक विकास कुमार सिंह,संतोष यादव,रविन्द्र कुमार दांगी,राजेन्द्र प्रसाद दांगी, बिरजभान राणा,सत्यवती कुशवाहा,विजय कुमार यादव,राजीव रंजन के अलावा विद्यालय के अध्यक्ष संजय कुमार उपस्थित थे।

## छह ग्राम ब्राउन सुगर के साथ दो गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी शुभम खंडेवाला के आदेश के आलोक में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान गिद्धौर पुलिस ने दो युवक को छह ग्राम ब्राउन शुगर के साथ सोमवार को थाना के समीप से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवकों में सदर थाना क्षेत्र के दारीयातु गांव के मनोहर साव के पुत्र टिंकू कुमार (21) व शिव कुमार दांगी के पुत्र आकाश कुमार दांगी (19) बताया जा रहा है। बताया गया कि दोनों युवक अलग-अलग मोटरसाइकिल से चतरा की ओर से गिद्धौर आ रहे थे। थाना गेट के समीप एंटी करप्शन अभियान के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोनों युवकों के पास से छह ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस ने युवकों के पास से दो मोटरसाइकिल व दो मोबाइल भी जब्त कर लिया है। यह जानकारी पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय व सोनी खलको ने संयुक्त रूप से दी। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी वअश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बरियातू प्रखंड निवासी सागर कुमार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्रदान करने की मांग रखी। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण में 21 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, सुखाड़ की राशि भुगतान, आबुआ आवास, कस्तुरबा में नामांकन से संबधित, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबधित जुड़े आवेदन आये।

# खराब जलमीनार को तत्काल ठीक कराएं : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत किए जा रहें कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सहायक अभियंता व कनीय अभियंता योजनाओं का निरंतर देख-रेख करना सुनिश्चित करें। किसी भी जलमीनार के खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित गति से ठीक करना सुनिश्चित करेंगें। जिससे गर्मी के मौसम में आम ग्रामीणों को पेयजल के लिए कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त द्वारा जलजीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण किय गये योजनओं के संबंध में प्रखंडवार समीक्षा कर निर्देश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, वाश प्रखंड समन्वयक, जिला समन्वयक को मॉडल ग्राम की संख्या की वृद्धि के संबंध में सभी इकाईयों का ध्यान रखते हुए ससमय मॉडल ग्राम घोषित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण-टू के तहत सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, ठोस तरल प्रबंधन के लिए निर्मित ईकाइयों का हर माह उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगें। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो वअन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह

ई–मेल: giridihmunicipalcorporation@gmail.com

**आम सूचना**

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचनासं०–SUDA/AMRUT/Amendment-06/2022/UDHD/1511,रांची, दिनांक 29.04.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमाकरने पर गिरिडीह नगर निगम के करदाताओं को करवर्त्तमान वित्तीय वर्ष में छूट इस प्रकार है–

- सभी करदाताओं को 5% की छूट।

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5%की छूट।
- आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5% की छूट।
- विकलांग होने पर 5% की छूट।

यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

Online (https://suda.jharkhand.gov.in)जमा करने पर 5% की छूट।

नोट :– 30 जून के उपरांत बकाए टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से ब्याज देय होगा।

प्रशासक,
नगर निगम, गिरिडीह

PR 350314 Urban Development(25-26).D



## झारखण्ड अग्निशमन सेवा, मुख्यालय, राँची

**कारखानों में अग्नि सुरक्षा**

- रख रखाव संबंधी निर्धारित उच्च मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें।
- कूड़ा करकट वाले कन्टेनर को अच्छी तरह से ढ़ककर रखें और उन्हें नियमित रूप से खाली करते रहें।
- ज्वलनशील सामग्री को आग के श्रोत से दूर रखें।
- सभी निकास द्वारों को किसी भी प्रकार की बाधाओं से हर समय मुक्त रखें।
- Travel Distance को हर समय संधारित रखें।
- तेल/गैस के रिसाव को तुरंत रोकें और फैले हुए ज्वलनशील सामग्री को साफ करें।
- ज्वलनशील पदार्थों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में वेल्डिग/कटिंग और ताप उत्पन्न करने वाले अन्य कार्यों के लिए कार्य परमिट अनुदेशों का कड़ाई से पालन करें।
- एक दूसरे से प्रतिक्रिया करने वाले रसायनों का अलग–अलग भण्डारण करें।
- जहॉ ज्वलनशील वस्तुओं का भण्डारण और प्रयोग होता है, वहॉ हवा आने जाने के लिए पर्याप्त जगह छोड़ें।
- धुम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित हो और आग से बेअसर रहने वाले विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल हो।
- फ्यूजों और कण्ट्रोल बाक्सों की सफाई करके उन्हें बंद कर दें।
- मल्टी सॉकेट कनेक्शन से बचें।
- विद्युत संबंधी मरम्मति का कार्य प्रशिक्षित कर्मियों से ही कराया जाय।
- क्षतिग्रस्त विद्युत तारों का उपयोग नही करें और अस्थायी कनेक्शन लेने से बचें।
- घर्षण के कारण ताप पैदा होने से रोकने के लिए सभी मशीन/उपकरणों के ल्यूब्रीकेशन तथा रख–रखाव का ध्यान रखें और उनका एलाइनमेंट कराते रहें।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, रॉची

PR 350207 Police(25-26).D



## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**अति अल्पकालीन सूचना**

नगर परिषद, गढ़वा क्षेतान्तर्गत मलेरिया, डेंगू एवं अन्य बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रयुक्त कोल्ड फॉगिंग मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण उसकी मरम्मति कराना आवश्यक है।

अतः इस मशीन की मरम्मति हेतु योग्य एवं अनुभवी विक्रेताओं/संस्थाओं से बंद लिफाफे में दर अति अल्पकालीन मूल्य कथन कोटेशन सूचना के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है।

**कार्य का विवरण**

1.कोल्ड फॉगिंग मशीन की आवश्यक मरम्मत कार्य।

2.आवश्यक पार्टस

| Sl.No. | Name Of Equipments | दर |
|---|---|---|
| 1 | Mobile Filter | प्रति अदद |
| 2 | Fuel Filter | प्रति अदद |
| 3 | Labour Charge | प्रति अदद |
| 4 | Air cleaner Assembly | प्रति अदद |
| 5 | Solenoid valve` | प्रति अदद |
| 6 | Supply Min pump | प्रति अदद |
| 7 | Black Connection pipe with all fitting | प्रति अदद |

3. आवश्यकता अनुसार अन्य स्पैयर पार्टस की आपूर्ति व फिटिंग।
4. कार्य पूर्ण होने के उपरांत एवं चालू अवस्था में मशीन का सुपुर्दन।

**शर्तें**

1. इच्छुक फर्म/संस्था अपना कोटेशन दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा करें।
2. कोटेशन बंद लिफाफे में कोल्ड फॉगिग मशीन मरम्मत हेतु दर कोटेशन स्पष्ट रुप से लिखकर जमा किया जाये।
3. फर्म को मशीन देखने हेतु पूर्व में कार्यालय से संपर्क कर निरीक्षण करना अनिवार्य रहेगा।
4. कोटेशन में दर जीएसटी सहित स्पष्ट रुप से दर्शाये जाए।
5. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री पर उत्पादक का मार्का अनिवार्य होगा। सामग्री ISI एवं ISO मार्क का होगा।
6. अद्यतन तीन वर्ष का ITR,GST Registration, अद्यतन GST Clearance Certificate, एवं पैन कार्ड संलग्न करना है।
7. कार्य संतोशजनक न होने की स्थिति में भुगतान रोका जा सकता है।
8. संस्था को कार्य पूर्ण करने के पश्चात् कम से कम 03 माह की वारंटी देना अनिवार्य होगा।
9. फर्म को यह शपथ देना होगा कि जो दर मूल्यकथन में अंकित है, वह दर बाजार दर से अधिक नहीं है।
10. बिना कारण बताये कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है। इस सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण नही दिया जायेगा।

नोट :– अन्य जानकारी हेतु श्री प्रेम कुमार सिद्धार्थ, नगर परिशद गढ़वा के मो0 नं0 6202571082 पर संपर्क कर सकते है।
विस्तृत सूचना/शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 350310 (Urban Development)25-26*D



## ई० प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–01/2025–26**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**पुनःनिविदा (2nd Call)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–15.04.2025

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांडी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सगमा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकण्डा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.04.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 29.04.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 30.04.2025 11:30 बजे
   नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
   अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक–06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 350424 Building(25-26).D

## पीएमश्री मवि नवाड़ीपाड़ा में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**लोहरदगा।** अंबेडकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अरुण राम ने दीप प्रज्वलन और बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। समारोह के मुख्य वक्ता विद्यालय के प्राचार्य अरुण राम ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय के विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, असरानी वारला मनीष कुमार ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन व कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुमित्रा टोप्पो ने किया। समारोह में मुख्य रूप से शिक्षिका नेमंहती मिंज, मनीष कुमार, महेंद्र उरांव, फैज आलम, साबिर मियां,रविशंकर ब्रितीया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाउन हॉल में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमां द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा।

## कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मेगा हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रांची के सुप्रसिद्ध नस हड्डी एवं जोड़ रोग के विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ विजय प्रसाद ,एमडी फिजिशियन डॉक्टर एस एस मुंडा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस के गुप्ता ,जनरल फिजिशियन डॉक्टर डी के खेस, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पी पी सिन्हा के द्वारा कुल 163 रोगियों का इलाज किया गया। जिसमें नेत्र रोग के 53, हड्डी जोड़ एवं नस के 39 दंत रोग के 3,बुखार कमजोरी सर्दी खांसी आदि सामान्य रोगों के 68 मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही निशुल्क 12 रोगियों का एक्स-रे, 2 मरीजों का इ सी जी साथ ही लैब में 29 मरीजों का 68 पैथोलाजिकल जांच किया गया। अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक एवं फार्मासिस्ट वरुण सिंह लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू ,लक्ष्मी साहू रिसेप्शनिस्ट अरुण राम ,जमुना देवी मुकेश साहू, जी एन एम अनीता केरकेटटा एएनएम अंशु कुमारी सावित्री तिर्की प्रीति तिर्की ललिता देवी अनीता देवी दिलेश लोहरा सुरेंद्र लोहरा सुगेमबर भगत सुरजमणी भगत अस्पताल कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। इस मेगा कैंप में लगभग चार जिला के 58 गांव के 163 मरीजों ने अस्पताल में उपलब्ध निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश

**लोहरदगा।** लोहरदगा में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रही है और इस कानून को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। जामा मस्जिद लोहरदगा के इमाम मौलाना समीम रिजवी ने कहा कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाता, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# सांसद सुखदेव भगत जनसमस्याओं के निदान हेतु कृत संकल्पित : आलोक साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सांसद के निजी सहायक सह इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू सेन्हा प्रखंड के महुरांग टंगरा टोली एकागुरी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि यहां 50 से 60 घर है। एक जल मीनार था जो कितने महीना से खराब है। यहां के लोगों को बहुत दूर पानी लाने जाना पड़ता है।

इसलिए एक नया दीप बोरिंग कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यहां 10 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। लोड़ के कारण हमेशा खराब हो जाता है। जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग श्री साहू से किया। बस्ती आने के लिए यहां सड़क नहीं है इसलिए सड़क का निर्माण कराया जाए के साथ-साथ वृद्धावस्था पेंशन, मैया सम्मान योजना जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत जन समस्याओं के निदान हेतु कृत संकल्पित है ।समस्या की जानकारी मिलने पर सांसद उसका तुरंत निदान करने का प्रयास करते हैं। श्री साहू ने मौके पर से ही पीएचईडी विभाग के अभियंता से वार्ता कर गांव में नया डीप बोरिंग कराने एवं खराब पड़े चालमीनार को शीघ्र बनाने का निर्देश दिए ।श्री साहू ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां शीघ्र 25 केवीका ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किये।

## समुचित व्यवस्था नहीं होने से जल जमाव बनी गंभीर समस्या

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड में नाली एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद जलजमाव की हो गई. इससे सड़क पर चल रहे राहगीरो को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैंक ऑफ इंडिया मुख्य सड़क के 3 फिट उपर तक पानी में लोगों को सड़क पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राहगीरों के साथ-साथ वाहनों के चलने से जलजमाव का पानी लोगों के दुकानों में भी घुस गया। दुकानों में पानी घुसने से कई दुकानों का सामान बर्बाद हुआ इससे दुकानदारों को हमेशा ही नुकसान उठाना पड़ता है।जलजमाव से नाराज ग्रामीणों व दुकानदारों ने कह की जलजमाव की समस्या बहुत पुरानी है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार कहा गया है।

## वाहन जांच अभियान में पन्द्रह बाइक जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर मंगलवार को सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही लगातार वाहन जांच होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसे पगडंडी के रास्ते से बाइक लेकर चालक वाहन लेकर भाग रहे थे। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना का रोक थाम के लिये और नशा में वाहन चलाने को रोकने के उद्देश्य से वाहन जांच किया गया। वही बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी के नेतृत्व में पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन जांच किया गया। वही पुलिस प्रशासन द्वारा मोटरसाइकिल चालकों को कड़ी चेतावनी देने के बावजूद वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। जिससे दुर्घटना होने पर उसका परिणाम चालक एवं उसके परिवार तथा पुलिस प्रशासन को भुगतना पड़ता है। पुलिस प्रशासन द्वारा काफी प्रयास के बावजूद सड़क दुर्घटना थम नही रहा है। जिस कारण सेन्हा थाना क्षेत्र में लगतार वाहन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट और बिना कागजात का गाड़ी चलाते हुए 15 वाहन चालकों का मोटरसाइकिल को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। मौके पर यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी,एस आई सुशील कुमार सिंह,ए एस आई संजय भगत सहायक पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

## मानसिक तनाव में आकर किसान ने की आत्महत्या

इस सप्ताह झारखंड में राजनैतिक मतांतरण की दो घटनाएं देखने को मिली। इनमें से लोहरदगा की नीरू शांति भगत ने आजसू की विचारधारा का परित्याग कर झामुमो का दामन थाम लिया है तो भाजपा के बूते राजनैतिक कैरियर स्थापित करने वाले ताला मरांडी ने एक बार फिर से राजनीति के लिए दलबदल कर लिया है। झारखंड के दृष्टिकोण से देखें तो इन दोनों घटनाओं के बावजूद यहाँ किसी बड़े राजनैतिक उलटफेर की संभावना दूर दूर तक नजर नहीं आ रही है। चुनावी मौसम में ऐसा कुछ होता रहता है और माहौल बनाने के दृष्टिकोण से विभिन्न दल ऐसी हरकतों को हवा भी देते रहते हैं। अभी ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि मतांतरण की इन घटनाओं से न सत्ताधारी झामुमो को कोई विशेष फायदा होने वाला है, न आजसू या भाजपा के समक्ष किसी जातिगत या क्षेत्रीय समीकरणों को लेकर कोई चुनौती सामने आने वाली है और न दल बदल करने वाले नेताओं को ही इससे कुछ हासिल होने वाला है। बात की शुरुआत संथाल परगना के ताला मरांडी से करते हैं। श्री मरांडी पहले झामुमो में थे फिर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े परन्तु विधानसभा चुनाव हार बैठे। वर्ष 2003 में फिर से उनका मतांतरण हुआ और 2005 में उन्हें कमल फूल के दम पर बोरियोसे विधानसभा की सदस्यता मिल गई। भाजपा के लिए यह एक बड़ी जीत थी क्योंकि बोरियो विधानसभा क्षेत्र में यह भाजपा की पहली जीत थी और इस जीत के साथ झामुमो के भीष्म पितामह समझे जाने वाले कद्दावर व जमीनी पकड़ वाले जननेता लोबिन हेम्ब्रम को पटखनी देने में वह कामयाब हो गई। यह क्रम 2009 के चुनाव में भी दर्ज किया गया परन्तु 2014 के बाद यह क्रम जारी नहीं रह सका। भाजपा के लिए यह एक असहज स्थिति थी क्योंकि विभिन्न कारणों से बोरियो विधानसभा क्षेत्र को संथाल राजनीति का केंद्र माना जाता है। शायद इसे ही ध्यान में रखते हुए भाजपा के द्वारा ताला मरांडी का भरपूर प्रोमोशन किया गया और उन्हें न केवल राजमहल से लोकसभा चुनाव लड़ाया बल्कि प्रदेश अध्यक्ष के पद का सम्मान तक दिया गया। इसका राजनैतिक नतीजा यह आया कि अब श्री मरांडी पर व्यक्तिगत लोकप्रियता के वहम में रहने का आरोप लगता चला गया। दूसरी ओर, दल में उपेक्षा झेलने की विवशता और सोरेन परिवार से तल्खी के कारण लोबिन हेम्ब्रमको झामुमो से बाहर जाना पड़ा। बदली हुई परिस्थिति में श्री हेम्ब्रम ने भाजपा का दामन थाम लिया और इसके साथ बोरियो में ताला मरांडी की संभावनाओं पर एक तरह से ताला लग गया। अब थके हारे श्री मरांडी ने एक बार फिर से मतांतरण का विकल्प चुना है और उन्होंने आनन फानन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम भी लिया। बताते चलें कि इस कड़ी में सबसे चौंकाने वाला समाचार लोहरदगा से आया है। यहाँ कभी आजसू के कद्दावर नेता कमल किशोर भगत की तूती बोलती थी। वर्ष 2019 के चुनाव में आजसू ने कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत पर तब भरोसा किया जब डॉ.के.के.सिन्हा मामले में कमल किशोर भगत को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसी तरह 16 दिसंबर 2021 को संदेहास्पद परिस्थितियों में कमल किशोर भगत की मौत के बाद आजसू ने 2024 में इनपर फिर से भरोसा किया। इस भरोसे के विपरित नीरू का प्रदर्शन कभी अच्छा नहीं रहा। चुनाव में हार जीत होते रहते हैं परंतु सच तो यही है कि खराब प्रदर्शन के बावजूद एनडीए में उनके लिए संभावनाएं अभी समाप्त नहीं हुई थी। इसके उलट गठबंधन की शर्तों के अनुरूप लोहरदगा विधानसभा चुनाव क्षेत्र कांग्रेस के लिए आवंटित है। 2024 के चुनाव में यहाँ से कांग्रेस के सुखदेव भगत ने जीत भी दर्ज की। बाद में सुखदेव लोकसभा के लिए चुन लिए गए। निसंदेह लोहरदगा में विधानसभा के लिए उपचुनाव होने हैं परन्तु गठबंधन धर्म के कारण लोहरदगा में झामुमो का प्रवेश लगभग संदिग्ध है। इधर नो वेकैंसी के बावजूद आसन्न उपचुनाव की दृष्टि से नीरू भगत की महत्वाकांक्षा को उनके मतांतरण का आधार माना जा रहा है। अपने आप में यह एक हैरान करने वाला विषय बनकर सामने आया है जबकि कुछ लोग नीरू के इस निर्णय को दिवास्वप्न से अधिक कुछ नहीं मान रहे हैं। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प हो गया है कि मतांतरण के बल पर केवल पति की विरासत को लेकर सियासत करने वाली नीरू की नीरवता को क्या झामुमो भंग कर पाएगी और क्या इसी मतांतरण के बल पर ताला मरांडी को झामुमो के बूते सफलता की कोई चाबी मिल भी पाएगी?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**






## जिंदगी मंच पर थी, मौत ने पर्दा गिरा दिया!

देश की बात



**सोनम लववंशी**

हर दिन के उजाले में हम जीवन का उत्सव मनाते हैं, पर हमें यह अहसास तक नहीं कि मृत्यु अब हमारी परछाई से भी तेज़ रफ्तार से हमारे करीब आ रही है। महाराष्ट्र के धाराशिव में मंच पर अचानक गिरी वर्षा खरात की मौत कोई अकेली घटना नहीं है, यह उस अदृश्य महामारी की गूंज है जो कोविड के बाद हमारे समाज में मौन पांव पसार रही है। सड़कों पर चलते, खेलते, नाचते, बोलते-हम जिन्दगी के सामान्य क्षणों को जीते हुए जैसे मौत से एक अनदेखा समझौता कर बैठे हैं। विडंबना यह है कि एक असामान्य परिस्थिति को भी हम सामान्य मानने लगे हैं। कोरोना वायरस ने केवल शरीर पर वार नहीं किया, उसने समाज की मानसिकता और सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गहरा घाव किया है। कोरोना के बाद की यह अचानक गिरने, धड़कन थम जाने वाली घटनाएँ वास्तव में पोस्ट कोविड सिंड्रोम का विकराल चेहरा हैं। मेडिकल साइंस के अनुसार, कोविड के संक्रमण ने शरीर के अंदर सूक्ष्म रक्त वाहिनियों में थक्के बनाने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया। यह स्थिति कई बार बिना किसी पूर्व लक्षण के जानलेवा साबित हो रही है। हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, माइक्रोथ्रोम्बस, ब्रेन स्ट्रोक - ये सब एकदम से हमला कर रहे हैं और अक्सर इतने तेजी से कि चिकित्सा सहायता भी समय पर नहीं पहुंच पा रही। भारत में कोविड के बाद कार्डियक मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2024 के बीच अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में 28 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में यह वृद्धि 15 प्रतिशत के करीब है। लेकिन यह आंकड़े अखबार के किसी कोने में दबे रह जाते हैं, उन पर न तो नीतिगत बहस होती है, न ही कोई राष्ट्रीय आपात चेतावनी जारी होती है। आख़िर क्यों? हकीकत यह है कि सरकार और प्रशासन महामारी के बाद इस स्वास्थ्य आपातकाल को लेकर उतने सतर्क नहीं हैं, जितनी गंभीरता की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थलों पर इमरजेंसी मेडिकल सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी, और तत्काल जीवनरक्षक उपकरणों स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी मशीनों) की अनुपलब्धता हमारी व्यवस्था की ढुलमुल मानसिकता का प्रमाण हैं। किसी समारोह, कॉलेज फंक्शन या सार्वजनिक कार्यक्रम में सुरक्षा का मतलब केवल भगदड़ रोकने तक सीमित कर दिया गया है, स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिकताओं के लिए तैयारियां अब भी हास्यास्पद रूप से अपर्याप्त हैं, और समस्या केवल चिकित्सा व्यवस्था तक सीमित नहीं है। हमारे समाज की सामूहिक चेतना पर भी प्रश्नचिन्ह है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अनसुलझी कहानी भारतीय गणितज्ञ की

भूले-बिसरे (दूसरा अंक)

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा में कई ऐसे महान विभूतियाँ हुईं, जिनके योगदान को या तो भुला दिया गया या जानबूझकर इतिहास के पन्नों से हटा दिया गया। ऐसे ही एक महान गणितज्ञ और वैज्ञानिक थे कात्यायन। कात्यायन भारतीय गणित और व्याकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महर्षियों में से एक थे, लेकिन उनके कार्यों को वैसी प्रसिद्धि नहीं मिली, जैसी अन्य प्राचीन विद्वानों को मिली। कात्यायन को भारतीय परंपरा में "महर्षि" और "वराह" की उपाधि दी गई थी। उन्हें संस्कृत व्याकरण, गणित और वेदों के विद्वान के रूप में सम्मानित किया जाता था। उनकी विद्वत्ता और बहुआयामी योगदान के कारण उन्हें "श्रतिस्मतिपारगः" (वेदों और स्मृतियों के गहन ज्ञाता) भी कहा जाता था। कात्यायन केवल गणितज्ञ ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान दार्शनिक, ज्योतिषविद्, व्याकरणाचार्य और वेदों के गहन विद्वान भी थे। कात्यायन के जन्म और मृत्यु के विषय में निश्चित रूप से कोई स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि वे ईसा पूर्व तीसरी या चौथी शताब्दी में रहे होंगे। कुछ विद्वानों का मानना है कि वे पाणिनि के बाद और पतंजलि से पहले के काल में हुए थे। उनके जन्म स्थान को लेकर भी विभिन्न मत हैं, लेकिन उन्हें प्राचीन भारत के एक प्रमुख विद्वान के रूप में स्वीकार किया जाता है। उनके माता-पिता के विषय में कोई निश्चित विवरण नहीं मिलता, लेकिन उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था, जो वैदिक शिक्षा और गणित के क्षेत्र में निपुण था। कात्यायन ने गणित के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी रचनाएँ मुख्य रूप से अंकगणित, बीजगणित और ज्यामिति पर केंद्रित थीं। उन्होंने गणितीय सूत्रों को स्पष्ट करने का कार्य किया और कई गणनाओं को सरल और व्यवस्थित किया। कात्यायन को विशेष रूप से 'कात्यायन सूत्र' के लिए जाना जाता है। उनके कार्यों में गणितीय समीकरणों और सूत्रों की व्याख्या मिलती है, जो बाद में भारतीय गणितीय परंपरा का आधार बने। कात्यायन ने संस्कृत व्याकरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पाणिनि के व्याकरण 'अष्टाध्यायी' पर 'वार्तिक' लिखा, जिसमें उन्होंने पाणिनि के सूत्रों की व्याख्या और उनके सुधार का प्रयास किया। उनके इस कार्य को 'कात्यायन वार्तिक' कहा जाता है। वे केवल गणितज्ञ ही नहीं थे, बल्कि एक महान दार्शनिक और धर्मशास्त्री भी थे। वे वैदिक ज्ञान और शास्त्रों में निपुण थे। उनकी शिक्षाएँ भारतीय दार्शनिक परंपरा को आगे बढ़ाने में सहायक रहीं। इतिहास के पन्नों में कात्यायन जैसे महान गणितज्ञ का नाम प्रमुखता से नहीं लिया जाता। इसका एक प्रमुख कारण भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति विदेशी लेखकों और इतिहासकारों का पूर्वाग्रह था। ब्रिटिश शासन के दौरान जब भारत का इतिहास लिखा गया, तो जानबूझकर भारतीय विद्वानों के योगदान को कम आंका गया और पश्चिमी वैज्ञानिकों को अधिक श्रेय दिया गया। कई पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय गणितज्ञों और वैज्ञानिकों के कार्यों को अपनाया और उन्हें यूरोपीय खोज के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, कई गणितीय सिद्धांत जो भारतीय विद्वानों ने ईसा पूर्व में दिए थे, वे बाद में पश्चिमी गणितज्ञों के नाम से प्रसिद्ध हुए। कई विद्वानों का मानना है कि कात्यायन के गणितीय और व्याकरणिक कार्यों को कई विदेशी और भारतीय लेखकों ने अपने नाम से प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए भारतीय गणित और विज्ञान का ज्ञान अरब देशों और यूनानियों तक पहुँचा, लेकिन उन्होंने इसे अपने विद्वानों के नाम से प्रचारित किया। उदाहरण के लिए, अल-ख्वारिज़्मी द्वारा प्रस्तुत कुछ गणितीय सिद्धांत भारतीय गणितज्ञों के कार्यों पर आधारित थे। ब्रिटिश और पश्चिमी विद्वान ने औपनिवेशिक काल में जब भारतीय ज्ञान को पश्चिमी देशों में ले जाया गया, तो इसे यूरोपीय वैज्ञानिकों ने अपने नाम से प्रकाशित किया। भारतीय वैज्ञानिकों और गणितज्ञों को उचित श्रेय नहीं दिया गया। कात्यायन ने खगोलशास्त्र और कालगणना पर भी कार्य किया। उन्होंने ग्रहों की गति, चंद्र-सूर्य की स्थिति और नक्षत्रों की गणना पर भी अध्ययन किया था। ज्योतिष एवं खगोलशास्त्र में भी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। भारतीय पंचांग के कुछ गणितीय आधार उनके सिद्धांतों पर आधारित माने जाते हैं। कात्यायन वेदों के प्रकांड विद्वान थे। विशेष रूप से यजुर्वेद पर उनकी गहरी पकड़ थी। उन्होंने शुल्क सूत्र की रचना की, जिसमें यज्ञ वेदियों के निर्माण के लिए गणितीय सूत्र दिए गए हैं। उनकी गणनाएँ वैदिक यज्ञों के आयोजन में प्रयुक्त होती थीं। उन्होंने धर्मशास्त्र और सामाजिक नियमों को परिभाषित करने वाले ग्रंथों का भी निर्माण किया। उनकी रचनाओं में समाज को व्यवस्थित रखने के लिए नैतिकता और विधि-विधान का उल्लेख मिलता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

सांझ हुई, दिखने लगे, धारा के मिस दीप।
लहरों से टकरा रहे, ज्यों मोती के सीप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रात में नींद खुलना गंभीर रोगों से ग्रस्त होने का संकेत, बचाव के लिए करे योग-प्राणायाम

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवन को देखते हुए, कई लोगों की दैनिक दिनचर्या व भोजनचर्या मैं आये बदलाव की बजह से आज बच्चे युवा महिलाएं, बुजुर्ग कई गंभीर रोगों से ग्रस्त होते जा रहे हैं उन्हें में से एक है जब हम गहरी नींद में सो रहे होते हैं तो लगभग 12 से लेकर 3 बजे के बीच में अचानक से नींद खुल जाना यह एक हमारे शरीर मैं गंभीर रोगों से ग्रस्त होने का संकेत है, यह समस्या अधिकतर गर्मी के समय मैं ज्यादा नजर आती है, रात को अचानक से नींद खुलने की इस समस्या को इन्सोमनिया या अनिद्रा भी कहा जाता है। कई बार इस तरह की स्थिति में ये बीमारी की बड़ी वजह होती अगर आप लगातार तनाव से जूझ रहे हैं,तो यह शरीर मैं आपके अनुकंपी तंत्रिका तंत्र को सक्रिय कर देता है, जिससे आप चौंक कर आधी रात में जाग जाते हैं। इससे आपके ब्लड प्रेशर के स्तर में भी बदलाव आता है और दिल की धड़कनें भी बढ़ जाती हैं। तनाव और बेचैनी का स्तर बढ़ता हैं जिससे हम कटस्ट्रोफिसिंग या नाइट ड्रेड नामक बीमारी के शिकार हो सकते हैं,इस बीमारी में आधी रात में नींद खुल जाती है और इंसान चौंक कर बैठ जाता है, इसके अलावा आपको स्लीप एपनिया भी हो सकता है। स्लीप एपनिया में आपको नींद में सांस लेने में दिक्कत आने लगती है। इस बीमारी में सांस की दिक्कत के कारण आपकी अचानक नींद खुल जाती है। फेफड़ों और शरीर के बाकी हिस्सों में ऑक्सीजन का फ्लो काफी कम होने लगता है। स्लीप एपनिया के लक्षणों में अचानक नींद खुलना, सांस न आना, खर्राटे मारना, थकान और दिन भर सुस्ती आना शामिल अगर रोजाना रात में जागने की समस्या से परेशान है तो यह स्थिति चिंताजनक तब हो जाती है जब एक बार जागने के बाद आपको दोबारा नींद न आए। ऐसी स्थिति में एंग्जाइटी, निराशा, थकान जैसी शिकायत हो जाती है और सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम एक्टिवेट हो जाता है। इस तरह की स्थिति में नींद खुलने के बाद दिमाग काफी ज्यादा सक्रिय हो जाता है और हृदय गति तेज हो जाती है। इस वजह से दोबारा नींद आने में दिक्कत होने लगती है। चिंता के कारण इंसोमनिया की समस्या हो जाती है। अगर रात को गहरी नींद में सो रहे हैं और अचानक आपकी नींद रात में 1 से 3 के बीच खुल जाए तो समझ लीजिए आपको लीवर से संबंधित परेशानियां हो सकती है और आपका लीवर सही तरीके से काम नही कर रहा है, लीवर का फंक्शन डिस्टर्ब हो चुका है जिसकी वजह से रक्त का प्रभाव सही तरीके से नहीं हो पा रहा है जिससे हम कई गंभीर शारीरिक व मानसिक रोगों से घिर सकते हैं रात में अचानक से नींद खुलने की कई कारण है जिनमें से कुछ बीमारियाँ भी हैं। स्लीप एपनिया, गैस्ट्रिक समस्याएँ, अर्थराइटिस, अवसाद, न्यूरोपैथी, मेनोपॉज़, बढ़ा हुआ प्रॉस्टेट,या अतिसक्रिय थायरॉयड ग्रंथि।

**स्लीप एपनिया :** यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें नींद के दौरान सांस लेने में रुकावट होती है, जिससे नींद बार-बार टूट सकती है।

**गैस्ट्रिक समस्याएं :** एसिडिटी या अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से भी नींद में खुल जाती।

**अर्थराइटिसः** जोड़ों का दर्द रात में नींद में बाधा डाल सकता है। अवसाद-मानसिक बीमारी भी अनिद्रा और रात में बार-बार नींद खुलने का कारण बन सकती है।

**न्यूरोपैथी :** तंत्रिकाओं की बीमारी से भी नींद में समस्याएँ आ सकती हैं।

**मेनोपॉज़ :** महिलाओं में मेनोपॉज़ के दौरान हार्मोनल बदलावों से नींद में परेशानी हो सकती है।

**बढ़ा हुआ प्रॉस्टेट :** पुरुषों में प्रॉस्टेट ग्रंथि का बढ़ना भी रात में बार-बार उठने का कारण बन सकता।

**अतिसक्रिय थायरॉयड ग्रंथि :** थायरॉयड ग्रंथि का अधिक सक्रिय होना भी अनिद्रा और रात में नींद खुलने का कारण बन सकता है, अर्धरात्रि के समय नींद खुलना हमारे शरीर में बड़ी बीमारी का आने का संकेत है इन सभी समस्याओं से बचाव के लिए हमें अत्यधिक सोशल मिडिया, मोबाइल फोन आदि से बचना होगा हमारे दैनिक दिनचर्या व खानपान में बदलाव करना पड़ेगा, योग प्राणायाम को महत्व देना पड़ेगा समय पर सोए समय पर खाना खाएं फास्ट फूड - जंक फूड, शराब तंबाकू सेवन, कोल्ड ड्रिंक्स आदि से बचे और योग में सूर्य नमस्कार, योगमुद्रासन, वीरभद्रासन, भ्रामरी प्राणायाम, नाड़ीशोधन प्राणायाम, योगनिद्राध्यान का अभ्यास जरूरी करे,रात मैं सोने से पहले 5 मिनिट का भ्रामरी प्राणायाम अवश्य करके सोए अगर रात मैं अचानक नींद खुल जाती है तब ऐसी स्थिति मैं क्या करें सर्वप्रथम उठकर पानी पिए, 5 से 10 मिनट प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं, और अच्छी व धार्मिक ग्रंथो का अध्यन कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# अयोध्या में श्रीराम मंदिर में स्थापित संत तुलसीदास की प्रतिमा का लोकार्पण



**अयोध्या (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि में मन्दिर निर्माण कार्य पूर्णता की तरफ अग्रसर है। परिसर के यात्री सुविधा केंद्र के पूर्व दिशा के प्रवेश द्वार के प्रांगण में संत तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित की गई है। मंगलवार को इस प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के पश्चात लोकार्पण किया। इस अवसर पर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इससे पहले श्री रामजन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर सोमवार को कलश स्थापित किया गया। ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आज वैशाख कृष्ण द्वितीया विक्रम संवत 2082, 15 अप्रैल 2025 मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में यात्री सुविधा केंद्र के पूर्व दिशा के प्रवेश द्वार प्रांगण में संत तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि आज संत तुलसीदास की प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के पश्चात लोकार्पण किया गया। वर्षभर में जितने भी भक्तजन राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने के लिए आएंगे, वह सब संत तुलसीदास की प्रतिमा का दर्शन भी करेंगे।

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस-राजद की बैठक

# बिहार की जनता को हम एक सशक्त विकल्प देंगे : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं इसी संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। आगे की चुनावी रणनीति को लेकर अब 17 अप्रैल को पटना में बैठक बुलाई गई है जिसमें विपक्ष के अन्य दलों के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 17 अप्रैल को आगे के विषयों पर विचार के लिए पटना में बैठक होगी। उस बैठक में सारे दलों से मिलकर एक आम सहमति बनाकर और मजबूत रणनीति के साथ हम आगे बढ़ेंगे। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि आज बैठक में कई सारे विषयों पर चर्चा हुई। हम पूरी ताकत और एकजुटता के साथ एनडीए की सरकार से लड़ेंगे।

**17** अप्रैल को पटना में होगी आगे की चर्चा

- बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों ने तेज की रणनीतिक तैयारी



## बिहार में महागठबंधन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा, बदलाव का दिया संकेत

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार शामिल हुए। वहीं, राजद सांसद मनोज झा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज की बैठक में महागठबंधन की मजबूत बनाए जाने पर विचार किया गया। बिहार में इस बार निश्चित तौर पर बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। युवा, किसान-मज़दूर, महिलाएँ, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्गों के लोग बिहार में महागठबंधन की सरकार चाहते हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम बिहार को प्रगति के मार्ग पर लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार सबसे अधिक आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है, किसानों की आय भी कम है। हम इन सभी मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सरकार की कमियों को जनता के सामने उजागर करना हमारी जिम्मेदारी है। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में उन्होंने कहा कि इसपर आगे विचार किया जाएगा लेकिन यह निश्चित है कि इसबार बिहार में एनडीए की सरकार नहीं होगी।

- **बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने दी जानकारी, कहा- एकजुट होकर बनाएंगे मजबूत रणनीति**
- **बैठक में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव भी रहे मौजूद**
- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार बोले- पूरी ताकत से लड़ेंगे एनडीए सरकार के खिलाफ**

## अवैध हथियार गैंग का सरगना गिरफ्तार, 5 देसी पिस्तौल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में द्वारका जिले की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने 'नो गन-नो गैंग' अभियान के तहत राजस्थान आधारित अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लायर गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आस मोहम्मद उर्फ बहरा के रूप में हुई है, जो राजस्थान का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर की पांच देसी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। द्वारका के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही राजस्थान और हरियाणा में आर्म्स एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं।

## हत्या के बाद डरा परिवार, भतीजे ने लगाई सुरक्षा की मांग

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून को लागू किए जाने के बाद से पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में विरोध-प्रदर्शन जारी है। कई स्थानों पर यह प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में इसी कानून के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के बीच एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक दो नाबालिग बच्चों का पिता था। आरोप है कि उपद्रवियों ने उसे जबरन उसके घर से बाहर घसीटकर निकाला और पहले उसके सिर और चेहरे पर ईंटों से वार किए। इसके बाद शरीर के अन्य हिस्सों पर भी बेरहमी से हमला किया गया।

### बंगाल हिंसा पर सीएम योगी की दो टूक

# दंगाइयों का इलाज केवल डंडा है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर एक बार फिर ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं। सीएम योगी ने यह भी कहा कि लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? सीएम योगी ने मंगलवार को हरदोई में अमर सेनानी राजा नरपति सिंह स्मारक स्थल पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश को, हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था, इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के मानेंगे नहीं। आप देख रहे होंगे कि बंगाल जल रहा है, वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं, लेकिन सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है। सीएम योगी ने ममता सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरा मुर्शिदाबाद एक सप्ताह से जल रहा है। राज्य सरकार मौन है, इस प्रकार की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए और मैं वहां के न्यायालय को इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा कि जिन्होंने वहां पर केंद्रीय बलों की तैनाती करके अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। उन्होंने विपक्षी दलों की चुप्पी पर कहा कि सब लोग मौन हैं, मुर्शिदाबाद दंगों पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मौन हैं, टीएमसी मौन है, वे धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं।

## ईडी ने गुरुग्राम की जमीन के मामले में रॉबर्ट वाड्रा से की पूछताछ

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजकर आज पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच के सिलसिले में नया समन मिलने के बाद रॉबर्ट वाड्रा आज सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए ईडी कार्यालय दो किलोमीटर पैदल गए। केंद्रीय जांच एजेंसी से पूछताछ के पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में ईडी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज के जवाब साझा किए हैं।


**कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

**सूचना**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा विज्ञापन संख्या–06/2024–25 से स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों यथा–Pharmacist, STLS, LT & STS पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु औपबंधिक मेधा सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट पर दिनांक–29.03.2025 को प्रकशित कराते हुए अन्तिम तिथि दिनांक–04.04.2025 तक लिखित आपत्ति आमंत्रित की गई थी। अन्तिम तिथि तक प्राप्त कुल तीन आपत्ति आवेदनों का निराकरण garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

PR 350305 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा


## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## रंगदारी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ तीन हुए गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने ठेकेदारों और कबाड़ियों से जबरन वसूली करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से दो तमंचे, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सौरभ (21), ऋषभ भाटी (19) और सलमान (21) को खानपुर के साइट-5 के पास से एक बंद पड़ी कंपनी से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस के अलावा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि यह गैंग ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कबाड़ियों से प्रतिदिन गत्ता ले जाने की जानकारी इकट्ठा करता था।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी

## पत्थरबाज़ी पर डीआरएम ने जताई चिंता कहा, देश की संपत्ति की रक्षा करें

**भागलपुर (आईएएनएस)**



भागलपुर से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को शरारती तत्वों ने निशाना बनाया है। मालदा रेल डिवीजन के डीआरएम ने अपील की है कि ऐसी घटनाओं से लोग बाज आएं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की संपत्ति है और इसे जनहित में आम लोगों की सुविधा के लिए भारत सरकार ने शुरू किया है। दरअसल, भागलपुर और टेकानी स्टेशन के बीच सोमवार को शरारती तत्वों ने वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। पथराव में ट्रेन की बोगी का शीशा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी रेलकर्मी ने संबंधित अधिकारियों को दी। हालांकि, ट्रेन में सफर करने वाले यात्री और रेलकर्मियों को कुछ नहीं हुआ। इस घटना को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा शरारती तत्वों ने रामपुरहाट और दुमका के बीच पिनरगड़िया के पास भी वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया। पथराव में ट्रेन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले को लेकर जांच की जा रही है।

मालदा रेल डिवीजन के डीआरएम मनीष गुप्ता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए अपील की है कि यह राष्ट्र की संपत्ति है और भारत सरकार ने जनहित में आम लोगों की सुविधा के लिए ट्रेन शुरू की है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे के लिए वंदे भारत महत्वपूर्ण ट्रेन है, जो भागलपुर से हावड़ा के लिए चलती है।

### अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन

# पहले दिन भक्तों को निराशा बैंक में कंप्यूटर अनुपलब्ध

**कठुआ (आईएएनएस)**




श्री अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू हो गया, लेकिन कठुआ में पहले ही दिन पंजीकरण कराने पहुंचे भक्तों को मायूसी हाथ लगी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की कठुआ शाखा में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण काउंटर नहीं खुल सके। इससे भक्तों में निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। हीरानगर से आए विकास महाजन ने बताया कि वे और उनके साथी सुबह जल्दी उठकर उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे थे। उनका इरादा 3 जुलाई को पहले जत्थे के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन करने का था। लेकिन, बैंक प्रबंधन ने बताया कि कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते पंजीकरण शुरू नहीं हो सका। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने 14 अप्रैल से पंजीकरण शुरू होने की घोषणा की थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की कमी ने उनके उत्साह को ठेस पहुंचाई। इसी तरह, हीरानगर के सुमित शर्मा ने अपने साथियों के साथ पंजीकरण कराने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि उनके समूह में जम्मू और अन्य जगहों से आए भक्त भी शामिल थे। सुमित ने कहा, "हम सुबह सात बजे से तैयार होकर आए थे। लेकिन, बैंक अधिकारियों से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास-शाखा)**

**सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत इस कार्यालय का ज्ञापांक 114/वि0 दिनांक 17.03.2025 एवं ज्ञापांक 121/वि0 दिनांक 24.03.2025 द्वारा DMFT मद से Homi J. Bhabha Coaching Centre for Civil Services में अनुभवी एवं योग्य Specialist Teacher की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। आवेदन पत्र समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों का दिनांक 22.04.2025 (दिन मंगलवार) को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। लिखित परीक्षा का समय–सारणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | पद का नाम | लिखित परीक्षा की तिथि | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Specialist Teacher | 22.04.2025 (दिन मंगलवार) | 12.30 PM – 02.00 PM | जिला परिषद के सभा भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा। |

आवेदन पत्र समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा स्थल पर आधार कार्ड/पहचान पत्र एवं सभी प्रमाण–पत्रों के मूल प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

PR 350324 Lohardaga (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन प्रमण्डल, लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2025-26**

1. विभाग का नाम :–भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 21/04/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 22/04/2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 22/04/2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,राँची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of S.P. Residence at Lohardaga. | 9,98,300=00 | 20,000=00 | 1,250=00 | 02 (Two) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन अनिवार्य है :–

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लोहरदगा

PR 350356 (Lohardaga)25-26*D

# जापान के राजदूत ने की बिहार के लिट्टी-चोखा की तारीफ, लिखा -'गजब स्वाद बा'

**पटना (हि.स.)**

बिहार के लिट्टी-चोखा का स्वाद विदेशियों को भी भाने लगा है। भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो गये हैं। दरअसल, बिहार दौरे पर आए भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो को स्थानीय खानपान से जुड़ी थाली परोसी गई। इसमें लिट्टी-चोखा के अलावा लौंगलता, रसिया, मट्ठा, भात, बजका-कचरी के अलावा अन्य व्यंजन थे। ये सभी व्यंजन बिहार के खानपान से जुड़ी संस्कृति की पहचान हैं। केइची ओनो को इनका स्वाद चखाया गया। उन्होंने लिट्टी-चोखा की जोरदार तारीफ की। राजदूत केइची ओनो लिट्टी-चोखा खाते ही बोल उठे- 'गजब स्वाद बा'। उन्होंने बिहार के व्यंजनों से सजी थाली की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें लिखा है- 'नमस्ते बिहार! अंततः विश्व प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा खाने का मौका मिला 'गजब स्वाद बा।' बिहारी व्यंजनों को चखने का उनका यह अनुभव अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



## केइची ओनो बोधगया आए थे

जापान के राजदूत ओनो पिछले सप्ताह बोधगया आये थे। उनके साथ पूरा प्रतिनिधिमंडल था जिसमें जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर नाओया हराइकावा और जापान एंबेसी के सेकंड सेक्रेटरी यूरता साइटो के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। वहां उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर स्थित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया था और बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान भी लगाया था। पोस्ट में बिहार दौरे के बारे में बताया एक अन्य पोस्ट में उन्होंने अपने बिहार दौरे के बारे में लिखा कि जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर के साथ जापान सरकार द्वारा वित्त पोषित बिहार नेशनल हाईवे इंम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस परियोजना से बिहार में यात्रा करने में समय की बहुत बचत होगी। इसके साथ ही इसका आर्थिक और पर्यटन को बढ़ावा देने में काफी योगदान देगा। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी कर चुके हैं तारीफइसके पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो चुके हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान उन्होंने इस पारंपरिक भोजन का आनंद लिया था और इसकी सादगी और स्वाद की प्रशंसा की थी।

# जीवन मूल्यों पर आधारित जीवन ही देता है सच्चा सुख : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के समूह से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्हें अब अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनके सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का हम सभी सामना कर रहे हैं। नैतिकता और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं। लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में निष्ठा और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

## जवाबदेही और जनभागीदारी पर राष्ट्रपति का जोर

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरुक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके विकास और जन कल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

# ईडी ने सहारा की लोनावाला के आंबी वैली सिटी की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया

**ब्यूरो**

**बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये, जमीन बेनामी प्रॉपर्टी के तहत खरीदी गई,सहारा समूह की चिटफंड आदि संस्थाओं से प्राप्त धन लगाया गया, जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया, उन्हें सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया था**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय, कोलकाता ने सहारा इंडिया व उसके समूह की संस्थाओं के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लोनावाला के आंबी वैली सिटी और उसके आसपास की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इस जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये है। यह जमीन बेनामी प्रॉपर्टी के तहत खरीदी गई थी। इसमें सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धन का इस्तेमाल किया गया था। जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया। उन्हें सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया था। लोगों ने कई बार परिपक्वता भुगतान की मांग की, लेकिन जमाकर्ताओं को परिपक्वता भुगतान से वंचित कर दिया गया। जांच में सामने आया है कि समूह ने जमाकर्ताओं और एजेंटों को क्रमशः उच्च रिटर्न और कमीशन का लालच देकर धोखा दिया है। ईडी ने ओडिशा, बिहार व राजस्थान पुलिस द्वारा मेसर्स हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एचआईसीसीएसएल) और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की धारा 420 और 120बी के तहत दर्ज 3 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसके अलावा सहारा समूह की संस्थाओं और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिनमें से 300 से अधिक पीएमएलए, 2002 के तहत अपराधों के लिए दर्ज की गई थीं। इसमें आरोप लगाया गया था कि जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया था। उनकी सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया। कई बार परिपक्वता भुगतान की मांग करने के बावजूद उन्हें उनके परिपक्वता भुगतान से वंचित कर दिया गया था। ईडी की जांच से पता चला है कि सहारा समूह, विभिन्न संस्थाओं जैसे एचआईसीसीएसएल, सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एससीसीएसएल), सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी (एसयूएमसीएस), स्टार्स मल्टीपरपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एसएमसीएसएल), सहारा इंडिया कमर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल), सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईसीएल), सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के माध्यम से एक पोंजी स्कीम चला रहा था। समूह ने जमाकर्ताओं और एजेंटों को क्रमशः उच्च रिटर्न और कमीशन का लालच देकर धोखा दिया है।जमाकर्ताओं की किसी भी जानकारी या नियंत्रण के बिना गैर-विनियमित तरीके से एकत्र धन का उपयोग किया है। इसके अलावा, उन्होंने पुनर्भुगतान से परहेज किया और इसके बजाय जमाकर्ताओं को उनकी परिपक्वता राशि को फिर से जमा करने के लिए मजबूर/प्रलोभित किया। पोंजी योजना को जारी रखने के लिए, उन्होंने मौजूदा परिपक्वता राशि चुकाने में सक्षम न होने के बावजूद नए जमा स्वीकार करना जारी रखा। एकत्रित धन का एक हिस्सा बेनामी संपत्ति बनाने, अपने निजी खर्चों और शानदार जीवनशैली के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच से यह भी पता चला कि उन्होंने सहारा समूह की संपत्तियों का भी निपटान किया है और जमीन की बिक्री के बदले अघोषित नकदी में भुगतान का एक हिस्सा प्राप्त किया है, जिससे जमाकर्ताओं को उनके सही दावे से वंचित किया गया है। जांच के दौरान, जमाकर्ताओं, एजेंटों, सहारा समूह के कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित विभिन्न व्यक्तियों के बयान पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए हैं। साथ ही, पीएमएलए की धारा 17 के तहत तलाशी ली गई, जिसमें 2.98 करोड़ रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी जब्त की गई।

## डीआरसी की राजधानी में भारी बारिश से 70 से अधिक लोगों की मौत

**किंशासा (आईएएनएस)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। देश की राजधानी किंशासा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है, यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। ताजा जानकारी के अनुसार, किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां 5,000 से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह सब तेज बारिश और बाढ़ की वजह से हुआ। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद का पूरा आकलन करने में लगी हुई हैं।

## सूडान के विस्थापित शिविर पर हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** सूडान के अकालग्रस्त जमजम विस्थापित कैंप पर हुए हमले में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सूडान में उत्तर दारफुर के अल-फशेर में शुक्रवार और शनिवार को जमजम और अबू शौक विस्थापन कैंपों और शहर के आसपास और इनके अंदर हुई गंभीर हिंसा से बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है। ओसीएचए ने लोकल सूत्रों के हवाले से बताया कि मृतकों के शुरुआती आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि इन हमलों में 10 संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय के 10 कार्यकर्ताओं सहित 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## देश में हाइवे निर्माण की गति बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है : गडकरी

### 15 दिन में आ जाएगी नई टोल नीति

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का लक्ष्य देश में हाइवे निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है। उन्होंने एआईएमए के 10वें राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। आगे कहा, ''भारत के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का बहुत महत्व है। मैं देश में हाइवे निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करने के लिए काम कर रहा हूं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय आने वाले सालों में कुल 25,000 किलोमीटर के दो और चार लेन वाले हाईवे बनाएगा।'' उनका कहना है - ''राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। देश में राजमार्ग निर्माण की गति 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।'' उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को बदलने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 2019-20 में 10,237 किलोमीटर, 2020-21 में 13,435 किलोमीटर, 2021-22 में 10,457 किलोमीटर, 2022-23 में 10,331 किलोमीटर और 2023-24 में 12,349 किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण किया।गडकरी ने बीते सोमवार को कहा था कि भारत तभी 'विश्वगुरु' बन सकता है जब हम अंतरराष्ट्रीय स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार करेंगे। हमने कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया, मैंने ठेकेदारों को कहा है कि गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए, वरना आपको जेल या ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। टोल को लेकर उन्होंने कहा था कि 15 दिन के अंदर ऐसी नीति आ जाएगी, जिससे टोल के बारे में कोई शिकायत नहीं रहेगी।यह भी कहा था कि आने वाले दो साल में मप्र में नेशनल हाईवे का नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बन जाएगा। एक साल के भीतर राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये के बुनियादी अवसंरचना विकास के काम पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह हवा में बातें नहीं करते हैं ,जो भी वादा करते हैं, उसे डंके की चोट पर पूरा भी करते हैं।



## इंग्लिश बाजार में रंगारंग प्रभात फेरी के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष

**मालदा (आईएएनएस)**

बंगाली नववर्ष (पोइला बैशाख) के अवसर पर मंगलवार सुबह इंग्लिश बाजार नगरपालिका के पांच नंबर वार्ड में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। वार्ड कमेटी की ओर से आयोजित रंगारंग प्रभात फेरी के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। सुबह साढ़े सात बजे सिंगाटोला इलाके से शुरू हुई यह फेरी वार्ड के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए वापस सिंगाटोला में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में इंग्लिश बाजार नगरपालिका के चेयरमैन कृष्णेंदु नारायण चौधरी, उपाध्यक्ष सुमला अगरवाला, वार्ड पार्षद सुमिता बनर्जी और पूर्व पार्षद रामप्रसाद बनर्जी सहित वार्ड कमेटी के कई सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों, महिला ढाकियों और विभिन्न संगीतकारों ने फेरी में हिस्सा लेकर इसे और जीवंत बना दिया। ढाक की थाप और पारंपरिक बंगाली गीतों ने सुबह के माहौल को उत्सवी रंगों से भर दिया। प्रभात फेरी के बाद वार्ड कमेटी ने नववर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।






## 'हिट 3': नानी की क्राइम थ्रिलर फिल्म के बारे में नेटिज़न्स का क्या है कहना?

नानी जल्द ही अपनी फिल्म 'हिट 3' के साथ बड़ी स्क्रीन पर लौट आएंगे। नेचुरल स्टार नानी ने आगामी फिल्म हिट -3 में मुख्य भूमिका निभाई, जो कि सिलेश कोलानू द्वारा निर्देशित है। हिट यूनिवर्स में तीसरी किस्त के रूप में, इस फिल्म ने दर्शकों के बीच महत्वपूर्ण प्रत्याशा उत्पन्न की है।

नानी जल्द ही अपनी फिल्म 'हिट 3' के साथ बड़ी स्क्रीन पर लौट आएंगे। नेचुरल स्टार नानी ने आगामी फिल्म हिट -3 में मुख्य भूमिका निभाई, जो कि सिलेश कोलानू द्वारा निर्देशित है। हिट यूनिवर्स में तीसरी किस्त के रूप में, इस फिल्म ने दर्शकों के बीच महत्वपूर्ण प्रत्याशा उत्पन्न की है। इस उत्साह का प्राथमिक कारण फ्रैंचाइज़ी में पहली दो फिल्मों की भारी सफलता है। फिल्म 1 मई को रिलीज़ होने वाली है। तैयारी में, फिल्म निर्माताओं ने अपनी प्रचार गतिविधियों को तेज कर दिया है। इन प्रयासों के हिस्से के रूप में, ट्रेलर अब जारी किया गया है। ट्रेलर को देखते हुए, फिल्म हत्याओं की एक श्रृंखला के इर्द -गिर्द घूमती हुई दिखाई देती है और कैसे अर्जुन सरकार नामक एक शक्तिशाली पुलिस अधिकारी ने जांच की और उन्हें हल किया। इससे पहले, विश्वक सेन और आदिवि सेश ने फ्रैंचाइज़ी में अपराधों को हल किया और नानी ने अब इस अपराध नाटक को लीड के रूप में संभाला है।



# राज्य के मेडिकल कॉलेजों में बेड की संख्या में होगी बढ़ोत्तरी : डॉ इरफान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के चार मेडिकल कॉलेजों दुमका, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में बेड की कुल संख्या 1560 से बढ़ाकर 3560 की जाएगी। यानी इनमें कुल 2000 बेड बढ़ाए जाएंगे। पलामू में 360 से बढ़ाकर 860 बेड, हजारीबाग में 400 से बढ़ाकर 900, दुमका में 300 से बढ़ाकर 800 और धनबाद मेडिकल कॉलेज में बेड की संख्या 500 से बढ़ाकर 1000 की जाएगी। साथ ही राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भी बेड की क्षमता 2400 से बढ़ाकर 4450 की जा रही है। एमजीएम, जमशेदपुर में 751 बेड के अस्पताल भवन में उपचार की सुविधा शुरू हो चुकी है। एमजीएम में भी बेड की संख्या बढ़कर 1251 हो चुकी है।

पलामू, हजारीबाग, दुमका और धनबाद मेडिकल कॉलेजों में बेड की संख्या बढ़ाए जाने के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब की स्थापना की जाएगी। सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के पैथोलॉजी एवं रेडियोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि मरीजों के लिए सुगमतापूर्वक सभी जांच अस्पताल में उपलब्ध हो सके। मरीजों को इलाज के लिए कहीं भटकना न पड़े। सभी मेडिकल कॉलेजों में एमआरआई, सीटी स्कैन व डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दुमका, पलामू, हजारीबाग और धनबाद के मेडिकल कॉलेजों में जितने भी ऑपरेशन थिएटर संचालित हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**डोभा में डूबने से दो सगे...**

जानकारी मिली, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ संजय कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा का माहौल है। चारों मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

**हेमंत सोरेन बने झामुमो के केंद्रीय...**

ने पार्टी को पार्टी की तरह नहीं, परिवार की तरह चलाया है। गुरुजी ने आदेश देकर एक बड़ी जिम्मेवारी दी है। पार्टी में नई पीढ़यों का समवावेश हो रहा है, इनके साथ पार्टी के विचारों को आगे लेकर जाना है। राज्य अलग करने का संघर्ष था, अब सत्ता का संघर्ष है। इस राज्य को सजाने-संवारने का संघर्ष है। पूरे विश्व में झारखंड सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि यहां के भोले-भाले लोगों को बाहर आए लोग छलते रहे हैं, ठगते रहे हैं। चाहे सरकार के रूप में, पदाधिकारी के रूप में, बिचौलिए के रूप में। यह राज्य पूरे देश का पेट पालता है और यहां के लोग भूख से मरें, विश्वास की बात नहीं। हेमंत सोरेन ने कहा कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज भी जात-पात, ऊंच-नीच, अगड़ा-पिछड़ा का भेदभाव खत्म नहीं हो रहा है। आज भी गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी का शोषण हो रहा है, शोषण करने वाले ये कौन लोग हैं। ये सामंती विचार के लोग अपना षड्यंत्र फैला रहे हैं। जब तक राज्य के अंदर सौहार्द्र का माहौल नहीं होगा, किसी भी राज्य का विकास नहीं होगा। राज्य के अंदर सदियों से चले आ रहे ताना बाना जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आदिवासी, दलित मिल-जुलकर रहता था, एक दूसरे की मदद के लिए खड़ा रहता था, वही एकता कायम करना है। हमलोग सरकार चला रहे हैं, जो भी भेदभाव करने का षड्यंत्र रचेगा, उसे सबक सिखाया जाएगा। सिपाही, पुलिस कितना काम करेगा, जबतक समाज जागृत नहीं होगा और आज हमें जागरूक रहने की जरूरत है। हम अपनी कार्य योजना में भेदभाव नहीं करते, सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मंईयां सम्मान योजना, बताइए क्या केवल हिंदु को मिल रहा है या केवल मुस्लिम या केवल आदिवासी को मिल रहा है। यह सभी को मिल रहा है, कोई भेदभाव की जगह नहीं है। हेमंत सोरेन ने कहा कि अपने कंधों पर पार्टी को ढोते-ढोते पचास साल हो गए। हम नहीं चाहते कि हमारी जनता विकास के लिए और पचास वर्ष की बाट जोहे। अभी भी राज्य की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अभी तो विकास शुरू हुआ है, जिसके लिए राज्य सरकार दिन-रात लगी है। योजना के बेहतर प्रबंधन, वित्त के बेहतर प्रबंधन पर सरकार कार्य कर रही है। आपका सहयोग हमारे विचार को और गति दे सकती है। इसके लिए आप सबों से समय-समय पर फिर मिलेंगे।

**राज्य जुमलों से नहीं, काम से चलता है :** पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के लोग आए दिन सरकार गिराने में लगे रहते हैं, लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए। हमलोगों ने भी कमर कस लिया और उनके साथ दो-दो हाथ करने का निर्णय लिया। जब पांच साल के कार्य को राज्य की जनता ने देखा, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इतनी बड़ी बहुमत के साथ राज्य की जनता से पुनः सत्ता पर बैठाने का जनादेश दिया, क्योंकि राज्य जुमलों से नहीं काम से चलता है। जितनी उंचाई पर आप चढ़ते हैं, चुनौती उतनी बड़ी होती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी नहीं, जन-जन की आवाज है। इस विचार को लोगों ने गले से लगाया। आज हमें सुनिश्चित करनी होगा कि विचार घर-घर तक पहुंचे और राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके।

**आंदोलनकारियों के निधन पर परिवार को एक लाख की आर्थिक सहायता :** पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की किसी भी वजह से मृत्यु होती है, हमें साथ छोड़ जाते हैं। उन आंदोलनकारियों का विवरण पार्टी के कार्यालय में सूचित करें, उनके परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता की जाएगी और उनके दुःख की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी।

**ईडी ने राहुल, सोनिया व पित्रोदा...**

गृह मंत्री द्वारा बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मोदी सरकार की एजेंसी ईडी द्वारा कांग्रेस पार्टी और नेशनल हेराल्ड की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। भाजपा सरकार की मंशा है कि ऐसे प्रयासों से वह धीरे-धीरे कांग्रेस को आर्थिक रूप से अक्षम बना दे। लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग के जरिए कांग्रेस के बैंक खातों को सील कर ऐसा प्रयास किया गया था। पहले आईटी और अब ईडी की यह कार्रवाई निंदनीय है। उन्होंने लिखा, नेशनल हेराल्ड केस को अब पांच साल से भी अधिक का समय हो गया है। ईडी कांग्रेस के खिलाफ तो गैर-कानूनी रूप से कार्रवाई कर रही है, वहीं भाजपा को मिले इलेक्टोरल बांड्स में साफ तौर पर कंपनियों से अवैध वसूली के सबूत मिले, परंतु ईडी ने किसी भाजपा नेता को एक नोटिस तक नहीं दिया। इसी प्रकार रॉबर्ट वाड्रा को बार-बार पूछताछ के लिए बुलाकर मीडिया ट्रायल किया जा रहा है। कांग्रेस एक जन आंदोलन की पार्टी है। ऐसी कार्रवाइयों से भाजपा सरकार और ईडी हमारे मनोबल को नहीं तोड़ सकती। ज्ञात हो कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी। इस समाचार पत्र को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित किया जाता था। वर्ष 2008 में वित्तीय संकट के बाद इसे बंद करना पड़ा और वहां से इस विवाद की शुरूआत हुई। वर्ष 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनी, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने वर्ष 2012 में आरोप लगाया था कि यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपए में हासिल किया। उन्होंने धोखाधड़ी और मनी लॉड्रिंग का भी आरोप लगाया। मामला अदालत में भी गया और बाद में ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– पलामू (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–124/24 2. आवेदक–सुरेश राम , पिता – स्व0 चनर राम<br>3. ग्राम–तिसिवार , पोस्ट–तिसिवार , थाना–पांडु , प्रखण्ड– पांडु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–1/2524 2. आवेदक–मनोज महतो , पिता – स्व0 नथुनी महतो<br>3. ग्राम–दरूआ , पोस्ट–तिसिवार , थाना–पांडु , प्रखण्ड– पांडु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–126/24 2. आवेदक–रामसुन्दर महतो , पिता – स्व0 सहादेव महतो<br>3. ग्राम–करर कला , पोस्ट–लोइंगा , थाना–पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–127/24 2. आवेदक–कामेश्वर राम , पिता – भवानी महरा<br>3. ग्राम–हरतुआ , पोस्ट–सांगवार , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 63 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–128/24 2. आवेदक–सरोज कुंवर , पति –स्व0 यमुना राम<br>3. ग्राम–मान्हू , पोस्ट–मुन्केरी , थाना–छतरपुर , प्रखण्ड– छतरपुर<br>4. लिंग– महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–129/24 2. आवेदक–प्रदीप सिंह , पिता – स्व0 इन्द्राशन<br>3. ग्राम–निमिया पथरा , पोस्ट–गहरपथरा , थाना– पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल में लहशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–130/24 2. आवेदक–रामनाथ यादव , पिता –गनोरी यादव<br>3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–लामी पतरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड– पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 64 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–131/24 2. आवेदक–श्यामलाल महतो , पिता –बदरी महतो<br>3. ग्राम–नौडीहा , पोस्ट–धनगांव , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 54 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–132/24 2. आवेदक–अशोक कुमार रवि , पिता –स्व0 नारायण राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–133/24 2. आवेदक–सत्यदेव महतो , पिता –स्व0 कैलाश महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 56 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–134/24 2. आवेदक–नन्दलाल राम , पिता –राजदेव राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 55 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–135/24 2. आवेदक–फकिरचन्द्र राम , पिता –स्व मलधनी राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–136/25 2. आवेदक–कलाबती देवी , पति–शंकर मोची<br>3. ग्राम–खैराट , पोस्ट–गुरूआ, थाना–लेस्लीगंज ,प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–137/25 2. आवेदक–शंकर मोची , पिता–गुरधारी मोची<br>3. ग्राम–खैराट , पोस्ट–गुरूआ, थाना–लेस्लीगंज ,प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अखिलेश उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–138/24 2. आवेदक–राजपतिया देवी , पति–रामनाथ सिंह<br>3. ग्राम–घिरसीरी , पोस्ट–मनातू , थाना–मनातू , प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–139/24 2. आवेदक–रामनाथ सिंह , पिता–देवभरन सिंह<br>3. ग्राम–घिरसीरी , पोस्ट–मनातू , थाना–मनातू , प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विकेश शुक्ला, बिरेन्द्र ठाकुर एवं शंकर प्रसाद चौधरी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–85/24 2. आवेदक–सुरेश प्रसाद, पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम–बारा, पोस्ट–मारंगलोईया, थाना– बालुमाथ, प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष,पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–86/24 2. आवेदक–रोहित महतो, पिता–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–हेबना, पोस्ट–मारंगलोईया, थाना– बालुमाथ, प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–सीना में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–140/24 2. आवेदक–विकाश तिवारी, पिता–रमेश तिवारी<br>3. ग्राम–रेड़मा, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर।<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–141/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार दूबे, पिता–हृदयानन्द दूबे<br>3. ग्राम–करमडीह पोस्ट–चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–भव में मशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–142/24 2. आवेदक–नरेन्द्र पाण्डेय, पिता–बटेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–आबादगंज, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर।<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ में लसा का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–143/24 2. आवेदक–प्रवीण कुमार पाण्डेय, पिता–मंगल पाण्डेय<br>3. ग्राम–बसना, पोस्ट–बसना, थाना– विश्रामपुर, प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–144/24 2. आवेदक–नवीन कुमार पाण्डेय, पिता–सरयू पाण्डेय<br>3. ग्राम–बसना, पोस्ट–बसना, थाना– विश्रामपुर, प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कंधा में मशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–87/24 2. आवेदक–मो0 शमीम, पिता–मो0 हलीम<br>3. ग्राम–बालूमाथ, पोस्ट–बालूमाथ, थाना– बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हांथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–88/24 2. आवेदक–सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 रामलखन साव<br>3. ग्राम–बालूमाथ, पोस्ट–बालूमाथ, थाना– बालूमाथ, प्रखण्ड– बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–89/24 2. आवेदक–उमाशंकर दायल, पिता–स्व0 रामजी राम<br>3. ग्राम–केचकी, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–376/24 2. आवेदक–जगेश्वर भगत, पिता–एतवा भगत<br>3. ग्राम–बाड़ा अजियातू पतराटोल, पोस्ट–घाघरा, थाना– गुमला, प्रखण्ड– घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–197/24 2. आवेदक–इकबाल हुसैन, पिता–अमरूल हुसैन<br>3. ग्राम–चान्दो, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के उपर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–198/24 2. आवेदक–मुमताज मियाँ, पिता–स्व0 खादिम मियाँ<br>3. ग्राम–चान्दो, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के नीचे माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–90/24 2. आवेदक–इन्दु देवी, पति–दायान्नद मिस्त्री<br>3. ग्राम–कुटमू, पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–91/24 2. आवेदक–अशोक कुमार, पिता–अरूण राम<br>3. ग्राम–बरवडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–92/24 2. आवेदक–गरीबा राम, पिता–स्व0 मुनी राम<br>3. ग्राम–पोखरी खुर्द, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–93/24 2. आवेदक–महेश्वर सिंह, पिता–स्व0 कल्टू सिंह<br>3. ग्राम–सैदुप, पोस्ट– मोरवाई कला, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–94/24 2. आवेदक–रेखा सिंह, पिता–स्व0 गुना सिंह<br>3. ग्राम–कलयानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हांथ में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–95/24 2. आवेदक–जितू सिंह, पिता–स्व0 गुना सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–96/24 2. आवेदक–नान्हू सिंह, पिता–स्व0 संतोखी सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–97/24 2. आवेदक–कमला देवी, पति–धुरविगन सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–98/24 2. आवेदक–विनोद राम, पिता–लुझूर राम<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–99/24 2. आवेदक–कलिदा देवी, पति–राजकुमार सिंह (आश्रीत)<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–145/24 2. आवेदक–तारा देवी, पति–रामनाराण राम<br>3. ग्राम–कान्दू मोहल्ला, पोस्ट–मेदनीनगर, थाना– मेदनीनगर, प्रखण्ड– मेदनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हांथ मे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–100/24 2. आवेदक–राजेश्वर सिंह, पिता–नान्हू सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–101/24 2. आवेदक–उपेन्द्र सिंह, पिता–युगेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–हांथ में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–102/24 2. आवेदक–परीखन सिंह, पिता–स्व0 सहदेव सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–हांथ में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–103/24 2. आवेदक–हरेश्वर सिंह, पिता–नान्हू सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– सिना में तिल निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–104/24 2. आवेदक–राजेश्वर सिंह, पिता–जीतू सिंह<br>3. ग्राम–कल्यानपुर, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–105/24 2. आवेदक–नन्द किशोर प्रजापति, पिता–स्व0 जगदीश प्रजापति<br>3. ग्राम–सरईडीह, पोस्ट– सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कनिष्ठ अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–106/24 2. आवेदक–महेन्द्र पासवान , पिता–बजरंगी पासवान<br>3. ग्राम–सैदूप , पोस्ट–मोरवाईकलां , थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कनिष्ठ अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–107/24 2. आवेदक–अशोक कुमार , पिता–अरूण राम<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–108/24 2. आवेदक–रामदास यादव , पिता–नन्द कुमार यादव<br>3. ग्राम–बारेसाड , पोस्ट–बारेसाड, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–146/24 2. आवेदक–जमील अंसारी , पिता–स्व0 बराली अंसारी<br>3. ग्राम–हुटार, पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–109/24 2. आवेदक–सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता , पिता–स्व0 नरसिंह साह<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–110/24 2. आवेदक–ज्योति कुमार वर्मा (आश्रित पत्नी), पति–रामनाराण राम (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 350391 Home (25-26)_D — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी शंखनाथ सिंह एवं रामरतन कुमार मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–17/24 2. आवेदक–सत्यनारायण पाण्डेय , पिता–स्व0 जयराम पाण्डेय<br>3. ग्राम–लोहरा , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–18/24 2. आवेदक–ओम प्रकाश कुशवाहा , पिता–स्व0 बिन्देश्वरी महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह– छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–19/24 2. आवेदक–पनपति देवी , पति–केदाल महतो<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज, सांगबार पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–20/24 2. आवेदक–दीनानाथ महतो , पिता–रामवृक्ष महतो<br>3. ग्राम–देलहा , पोस्ट–तरहसी , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह– दायें तर्जनी अंगुली में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–21/24 2. आवेदक–लालमोहन बैठा , पिता–शिवदत्त बैठा<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–22/24 2. आवेदक–ओम प्रकाश , पिता–रामराज साव<br>3. ग्राम–कोट खास , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह– दाहिने कंधे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–23/24 2. आवेदक–केदाल महतो , पिता–रामजी महतो<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह– नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–24/24 2. आवेदक–नरेश सिंह , पिता–चरित्र सिंह<br>3. ग्राम–बखारी , पोस्ट–सुआ , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हथेली में कटे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–/2524 2. आवेदक–चान्दो देवी , पति–रामचरित्र महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–संगवार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां हाथ के कलाई में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–26/24 2. आवेदक–सीता देवी , पति–जयराम पासवान<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे के दायें तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–27/24 2. आवेदक–बालकेस प्रसाद पासवान , पिता–रामचरित्र महतो<br>3. ग्राम–सोतमडबरा , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें छाती में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–28/24 2. आवेदक–गोपाल मेहता , पिता–बलराम मेहता<br>3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–बैदाकलां , थाना–पण्डवा , प्रखण्ड–पण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–29/24 2. आवेदक–प्रवेश कुमार , पिता–जनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सेवई ओरिया , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–30/24 2. आवेदक–रविन्द्र राम , पिता–रामप्रीत राम<br>3. ग्राम–कोटखास , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–31/24 2. आवेदक–राकेश कुमार , पिता–अजय राम<br>3. ग्राम–मुरमुसी , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–32/24 2. आवेदक–सच्चिदानन्द बिरोतम , पिता–शम्भूनाथ महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–संगवार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं भुवनेश्वर केवट द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–33/24 2. आवेदक–कृपाल साव , पिता–स्व0 सुबा साव<br>3. ग्राम–डडांरकला , पोस्ट–डडांरकला , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–34/24 2. आवेदक–अनिरूद्ध महतो , पिता–स्व0 तुला महतो<br>3. ग्राम–तरवाडीह , पोस्ट–पांकी , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–79 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां नाक पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–35/24 2. आवेदक–रामनरेश सिंह , पिता–स्व0 हरिहर सिंह<br>3. ग्राम–तरवाडीह , पोस्ट–पांकी , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–36/24 2. आवेदक–हरिद्वार साव , पिता–स्व0 राजेश्वर साव<br>3. ग्राम–सरौना , पोस्ट–तेतराई , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां कांख के पास मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–37/24 2. आवेदक–महेन्द्र राम , पिता–स्व0 गनौरी राम<br>3. ग्राम–सरौना , पोस्ट–तेतराई , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां होंठ के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–38/24 2. आवेदक–नर्वदेश्वर सिंह , पिता–गणेश सिंह<br>3. ग्राम–बौराखाड , पोस्ट–फुलांग , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–39/24 2. आवेदक–युगल किशोर सिंह , पिता–स्व0 सुर्यदेव सिंह<br>3. ग्राम–बौराखाड , पोस्ट–फुलांग , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ का कानी अंगुली टुटा हुआ है। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–40/24 2. आवेदक–बिराज सिंह , पिता–स्व0 झरी महतो<br>3. ग्राम–पसहर , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बाल किशुन उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–बिहारी सिंह , पिता –स्व0 सिवापति सिंह<br>3. ग्राम–मुन्डू , पोस्ट–चान्दो , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–नन्दु दुलार सिंह , पिता –धर्मदेव सिंह<br>3. ग्राम–बड़की नेमी , पोस्ट–धाबार , थाना–मेदनी नगर , प्रखण्ड– पोलपोन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–बजरंगी सिंह , पिता –निरंजन सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां अँगुठा ढेड़ा है। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–सुभागी देवी , पति–नरेश सिंह<br>3. ग्राम–कसमार , पोस्ट–उदयपुर , थाना–रमकंडा , प्रखण्ड– रमकंडा<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां ठेहुना में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–मीना देवी , पति–संजय कुमार सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–45/25 2. आवेदक–मनतोरा देवी , पति–युवराज सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट , पोस्ट–रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां एड़ी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–46/25 2. आवेदक–सहावीर प्रजापति , पिता –फौदार प्रजापति<br>3. ग्राम–चनकार कस्तूरी , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना– हुसैनाबाद , प्रखण्ड– जपला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटै का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–विनोद परहिया , पिता –रामगणेश परहिया<br>3. ग्राम–परासपानी कला , पोस्ट–अम्बा खोरिया , थाना–धुरकी , प्रखण्ड– धुरकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह– छाती पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–राजेश्वर प्रजापति , पिता –दुखन प्रजापति<br>3. ग्राम–हिरासिकनी , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–जपला , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 48 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने गर्दन में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–जीतू मुण्डा , पिता –सुखराम मुण्डा<br>3. ग्राम–कुट्टी , पोस्ट–नवाडीह , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 45 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने घुटना पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–चन्द्रदेव सिंह , पिता –राम प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला पाटन , पोस्ट–पाटन , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 67 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–नागेन्द्र सिंह , पिता –हरिहर सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 44 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–शांती देवी , पति–भोवनाथ सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. आवेदक–उदय मांझी , पिता –स्व0 कईल मांझी<br>3. ग्राम–बरसैता , पोस्ट–कांके कला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–नागेन्द्र सिंह , पिता –अमृत सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–मो0 तौफीक अंसारी , पिता –छोटू अंसारी<br>3. ग्राम–प्रतापपुर , पोस्ट–बेकेचम्पा , थाना– गढ़वा , प्रखण्ड– गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–सुबोध कुमार पाठक , पिता–स्व0 शम्भूनाथ पाठक<br>3. ग्राम–पनेरीबांध , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें आँख पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अरूण कुमार दुबे, लक्ष्मण ठाकुर, सुखाड़ी मियाँ, अजय बक्स राय एवं प्रेम कुमार मिश्रा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–कोमल उराँव , पिता–स्व0 एता उराँव<br>3. ग्राम–कुंडपानी , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर गिल्टी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. आवेदक–सुरेश भुईयाँ , पिता–बुधन भुईयाँ<br>3. ग्राम–मुसरमू , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ (चैनपुर), प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. आवेदक–युवराज सिंह , पिता–स्व0 भिखू सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट, पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–57/25<br>2. आवेदक–अनन्त सिंह उर्फ आनन्द सिंह, पिता–स्व0 चुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–बसौरा , पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–58/25 2. आवेदक–नवल किशोर पाठक , पिता–स्व0 मुंगेश्वर पाठक<br>3. ग्राम–बाजार समिति, सुदना, पोस्ट–सुदना , थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–विनय कुमार , पिता–मोहन किशोर<br>3. ग्राम–नियर नामधारी कॉलोनी, पोस्ट–आबादगंज , थाना–सदर मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–65/25 2. आवेदक–सुरेश कुमार , पिता–राजेश्वर राम<br>3. ग्राम–सरहू, पोस्ट–झरगड़ा , थाना–हुसैनाबाद प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें ठेहुना में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुलेमान अंसारी एवं लक्ष्मण ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–66/25 2. आवेदक–सौकत अंसारी , पिता–इमामदी मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–67/25 2. आवेदक–मकबुल अंसारी , पिता–स्व0 छकु मियाँ<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–68/25 2. आवेदक–मोईनुद्दीन अंसारी , पिता–अब्दुल मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में गाटा के उपर लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–69/25 2. आवेदक–नुरूल हक अंसारी , पिता–जसिम मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–70/25 2. आवेदक–मो0 इजराईल अंसारी , पिता–अब्दुल बारी<br>3. ग्राम–तरहसी , पोस्ट–तरहसी , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाहिना तरफ मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–मोबीन अंसारी , पिता–रहमान मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख पर तिलवा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 350389 (Home) 25-26 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स Vs राजस्थान रॉयल्स

दिनांक: 16अप्रैल बुधवार | स्थान: दिल्ली | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 06 | 02 | 04 | 04 |
| आरसीबी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| पीके | 05 | 03 | 02 | 06 |
| सीएसके | 06 | 01 | 05 | 02 |
| डीसी | 05 | 04 | 01 | 08 |
| एलएसजी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| एमआइ | 06 | 02 | 04 | 04 |
| जीटी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| केकेआर | 06 | 03 | 03 | 06 |
| आरआर | 06 | 02 | 04 | 04 |

# केकेआर ने पंजाब किंग्स को 111 पर समेटा



**एजेंसी। मुल्लांपुर**

हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की घातक गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने पंजाब किंग्स को उसी के मैदान में मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 15.3 ओवर में मात्र 111 रन पर समेट दिया। पंजाब का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उनके लिए सही साबित नहीं हुआ। हर्षित राणा ने 25 रन पर तीन, चक्रवर्ती ने 21 रन पर दो और नारायण ने 14 रन पर दो विकेट लेकर पंजाब को ध्वस्त कर दिया। पंजाब ने हालांकि 39 रन की तेज-तर्रार शुरूआत की लेकिन ओपनिंग साझेदारी टूटने के बाद टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। हर्षित राणा ने पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को शून्य पर आउट कर घरेलू टीम को सबसे बड़ा झटका दिया। हर्षित ने पंजाब के दोनों ओपनरों को भी पवेलियन की राह दिखाई। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 15 गेंदों में दो चौंकों और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 30 रन बनाये। प्रियांश आर्य ने 12 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन का योगदान दिया। निचले क्रम में शशांक सिंह ने 17 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाये।

एक बोलिंग यूनिट के रूप में केकेआर के लिए यह प्रदर्शन, इस सीजन का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पंजाब को अच्छी शुरूआत मिल गई थी लेकिन इसके बाद हर्षित ने एक ही ओवर में दो विकेट झटक कर, उन्हें बैकफुट पर ला दिया। उसके बाद जो भी गेंदबाज आया, उसे विकेट मिला। पंजाब की टीम पार्टनरशिप बनाने में सफल नहीं हुई। इसी कारण से वह 20 ओवर भी नहीं खेल पाए। चक्रवर्ती ने नेहाल वढेरा को दो और ग्लेन मैक्सवेल को सात रन पर निपटाया। नारायण ने सूर्यांश शेडगे और मार्को यानसन को आउट किया। जेवियर बार्टलेट 11 रन बनाकर रन आउट हुए और पंजाब की पारी 111 रन पर सिमट गई।

# श्रेयस अय्यर बने आइसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी



**दुबई।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ह्यमार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।' उन्होंने कहा, प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।' यह लगातार दूसरा महीना है जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह पुरस्कार जीता था।

## एक नजर

### 'मेरी पत्नी आराम करती है, मैं सारा खाना बनाता हूं' : डी कॉक



**चंडीगढ़।** पोइला बैसाख (बंगाली नव वर्ष) के उपलक्ष्य में एक शानदार पाककला क्रॉसओवर में, केकेआर के कुकिंग शो 'नाइट बाइट' में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर क्विंटन डी कॉक और एनरिक नोर्टजे के साथ भारतीय स्टार मनीष पांडे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने मुकाबले से पहले एक विशेष फ्यूजन कुकिंग सेशन में हिस्सा लिया। इस एपिसोड में क्रिकेटरों ने 'पटूरी' बनाने की कोशिश की - एक पारंपरिक बंगाली व्यंजन जिसमें मछली या झींगे को केले के पत्तों में लपेटा जाता है और ग्रिल किया जाता है - लेकिन पेरी-पेरी मैरिनेड का उपयोग करके दक्षिण अफ्रीकी ट्विस्ट के साथ।

### रविवार के डबल हेडर के बाद मैदान पर बल्ले की जांच एक नियमित मामला बन जाएगा

**नई दिल्ली।** हाल ही में आईपीएल 2025 के डबल हेडर के दौरान रविवार को कुछ दिलचस्प हुआ। मैदान पर मौजूद अंपायरों ने जयपुर और नई दिल्ली में खेले गए मैचों के दौरान एक सफेद त्रिकोण आकार का प्लास्टिक गेज निकाला और शिमरॉन हेटमायर, फिल साल्ट और हार्दिक पांड्या के बल्ले को इसके जरिए गुजारा। यह समझा जाता है कि मैचों में निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से यह जांच टूनार्मेंट के बाकी बचे मैचों के लिए एक नियमित मामला बन जाएगा।

# जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी : धोनी



**एजेंसी**

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार पांच मैचों से हार का सिलसिला खत्म किया और कई बार की तरह कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शिवम दुबे की दमदार पारी के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके वर्तमान में आईपीएल 2025 अंक तालिका में सबसे नीचे है, जिसने रात में अपना दूसरा मैच जीता। धोनी ने स्वीकार किया कि चीजें कठिन रही हैं और उम्मीद है कि जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी।

मैच जीतना अच्छा है। जब आप इस तरह का टूनार्मेंट खेलते हैं, तो आप मैच जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य से (पहले के) मैच किसी भी कारण से हमारे पक्ष में नहीं गए। इसके कई कारण हो सकते हैं। हमारे पक्ष में जीत होना अच्छा है। इससे पूरी टीम को आत्मविश्वास मिलता है और हमें उन क्षेत्रों में सुधार करने में मदद मिलती है, जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं।"

धोनी ने मैच के बाद दिए इंटरव्यू में कहा, हम सभी जानते थे कि जब क्रिकेट में कुछ आपके पक्ष में नहीं आता है, तो भगवान इसे बहुत कठिन बना देता है, और यह एक कठिन मैच था। अगर आप पावरप्ले देखें, चाहे वह संयोजन हो या परिस्थितियां, हम गेंद से संघर्ष कर रहे थे। और फिर हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में वह शुरूआत नहीं कर पाए, जो हम चाहते थे। धोनी ने 11 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच सम्मान अर्जित किया, जबकि दुबे ने दबाव को झेला और शुरूआत में ही मैच में बंध जाने के बावजूद 19वें ओवर में उन्होंने शार्दुल ठाकुर की धज्जियां उड़ा दीं। एक गाइडेड चौका, एक फुल-टॉस को स्टैंड में भेजा गया और एक नो-बॉल ने सीएसके को 19 रन दिए, जिससे आखिरी ओवर में सिर्फ 4 रन की जरूरत रह गई। दुबे 37 गेंदों पर 43 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने आवेश खान की गेंद पर विजयी चौका लगाया। बाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज ने उस दिन अपने दृष्टिकोण का खुलासा किया, जब उन्होंने गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाने से पहले अपना समय लिया। उन्होंने कहा, यह बहुत मायने रखता है, लगातार 5 मैच हारना सीएसके के लिए नहीं है, हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और आज मैं अंत तक टिकना चाहता था और मैंने सोचा कि मैं मैच को खत्म करना चाहता हूं और मुझे लगा कि बीच में कुछ विकेट खोने के बाद मैच को बहुत गहराई तक ले जाने का यही समय है। यह मानसिकता के बारे में नहीं है और यह स्थिति के अनुसार खेलने के बारे में है, यही कारण है कि मुझे लगा कि आक्रमण करने के बजाय मैच को गहराई तक ले जाना बेहतर विकल्प था।

# जॉर्जिया वोल ने जीता आइसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार



**दुबई ।** पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को मार्च महीने के लिए आईसीसी महिला ह्यप्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब से नवाजा गया हैं। वोल ने हमवतन एनाबेल सदरलैंड और अमेरिका की चेतना प्रसाद को पछाड़ कर यह पुरस्कार जीता है। 21 वर्षीय वोल ने मार्च में व्हाइट फर्न्स पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वोल ने दूसरे छोर पर अनुभवी बेथ मूनी के साथ मिलकर आत्मविश्वास के साथ शुरूआत की। वोल ने पहले मैच में 31 गेंदों पर 50 रन, दूसरे टी-20 में 20 गेंदों पर 36 रन और अंतिम मैच में 57 गेंदों पर 75 रन बनाये थे। यह लगातार चौथी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने यह मासिक पुरस्कार जीता है। दिसंबर 2024 में एनाबेल सदरलैंड ने, उसके बाद जनवरी में बेथ मूनी और फरवरी में एलन किंग यह पुरस्कार जीता। मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर वोल ने कहा, ह्ययह पुरस्कार जीतना निश्चित रूप से मेरे और टीम के लिए एक अविश्वसनीय है। न्यूजीलैंड जाकर विश्व चैंपियन के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतना सीजन को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका था।

# भारत 11 साल बाद बांग्लादेश में खेलेगा सफेद गेंद की सीरीज

## बीसीबी ने जारी किया पूरा शेड्यूल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत 17 से 31 अगस्त तक मीरपुर और चटगांव में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सफेद गेंद की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इउइ) ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय टीम 17 अगस्त को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वनडे सीरीज के पहले मैच से पूर्व 13 अगस्त को ढाका पहुचेगी।

दूसरा वनडे 20 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा। तीसरा और अंतिम वनडे चटगांव में खेला जाएगा, जहां 26 अगस्त को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच भी खेला जाएगा। दूसरे और तीसरे टी20 के लिए मैच मीरपुर में ही खेले जाएंगे। यह 2014 के बाद से भारत का बांग्लादेश का पहला सफेद गेंद वाला दौरा होगा। इसके अलावा टी20 सीरीज पहली बार होगी जब बांग्लादेश अपने घर में द्विपक्षीय सीरीज में भारत की मेजबानी करेगा।

**भारत के बांग्लादेश दौरे का कार्यक्रम**

**वनडे सीरीज :**
पहला वनडे - 17 अगस्त, मीरपुर
दूसरा वनडे - 20 अगस्त, मीरपुर
तीसरा वनडे - 23 अगस्त, चटगांव

**टी20आई सीरीज :**
पहला टी20 - 26 अगस्त, चटगांव
दूसरा टी20 - 29 अगस्त, मीरपुर
तीसरा टी20 - 31 अगस्त, मीरपुर



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी सेंसेक्स 1,578 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,578 अंक या 2.10 प्रतिशत बढ़कर 76,734 और निफ्टी 500 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 23,328 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ (चीन को छोड़कर) हटाने को माना जा रहा है, जिससे बाजार के सेंटीमेंट में सुधार हुआ है। लार्जकैप के साथ के मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,472 अंक या 2.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,974 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 483 अंक या 3.08 प्रतिशत बढ़कर 16,179 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, प्राइवेट बैंक और मीडिया सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अजीत मिश्रा ने कहा कि शेयर बाजार ने हफ्ते की शुरूआत मजबूत 2 प्रतिशत की तेजी के साथ की है। इस तेजी में सभी सेक्टरों ने योगदान दिया।

### टैरिफ वार से आई गिरावट निवेशकों के लिए मौका, लंबी अवधि में मिलेगा अच्छा रिटर्न : एक्सपर्ट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ के चलते शेयर बाजार में आई गिरावट निवेशकों के लिए एक मौका है और ऐसे समय पर लंबी अवधि का नजरिया रखते हुए निवेश करने से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। यह बयान स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट की ओर से मंगलवार को दिया गया। स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट एपी शुक्ला ने एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा, बाजार में ऐसे अवसर काफी कम मिलते हैं। गिरावट का फायदा उठाते हुए निवेशकों को उन शेयरों में निवेश करना चाहिए, जिनमें वे पहले से निवेश करना चाहते थे, क्योंकि यही वह समय होता है जब आप अपनी पसंदीदा शेयर को 5-10 प्रतिशत कम दाम पर खरीद सकते हैं। शेयर बाजार में तेजी पर शुक्ला ने आगे कहा, हमारा शुरू से ही मानना था कि अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार का फायदा सीधे तौर पर भारत को मिलेगा।

# भारत में 2026 तक बनने वाले 70 प्रतिशत मॉल 'ए प्लस' कैटेगरी के होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुंबई।** भारत के रिटेल रियल एस्टेट सेक्टर में बड़ा बदलाव हो रहा है और 2025 एवं 2026 तक बनने वाले 12.3 मिलियन वर्ग फुट नए ग्रेड ए मॉल स्पेस में से 70 प्रतिशत से अधिक सुपीरियर ग्रेड (ए प्लस) के होंगे। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

कुशमैन एंड वेकफील्ड की नई रिपोर्ट के अनुसार, यह बदलाव बढ़ती उपभोक्ता आकांक्षाओं, अधिक खर्च और ब्रांडों एवं डेवलपर्स दोनों की रणनीति में बदलाव के कारण हो रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया कि यह नए मॉल बेहतर गुणवत्ता, सेवा और अनुभव प्रदान करेंगे, जो स्पेस के विस्तार करने से लेकर स्टैंडर्ड अपग्रेड होने तक के बदलाव को दशाएंगे।



कुशमैन एंड वेकफील्ड के एग्जीक्यूटिव मैनेजिंग डायरेक्टर, सौरभ शतदल ने कहा कि भारत का रिटेल सेक्टर तेजी से बदल रहा है और उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं।

उन्होंने आगे कहा, आज के खरीदार सोच-समझकर डिजाइन की गई जगहों की तलाश कर रहे हैं और खरीदारी का अनुभव प्रोडक्ट जितना ही महत्वपूर्ण हो गया है। ब्यूटी, वेलनेस, फूड और बेवरेज और एथलीजर जैसी टॉप परफॉर्मेंस कैटेगरी भारतीय रिटेल सेक्टर के इस नए फेस को आकार देने में मदद कर रही हैं। सुपीरियर ग्रेड मॉल, जो आमतौर पर जाने-माने डेवलपर्स या संस्थागत निवेशकों के अधीन होते हैं और अपनी हाई ऑक्यूपेंसी रेट (85 प्रतिशत से अधिक), प्रीमियम ब्रांड मिक्स और रिच कस्टमर सर्विसेज के लिए जाने जाते हैं।

मौजूदा समय में, भारत में 61.5 मिलियन स्क्वायर फीट ग्रेड ए मॉल स्पेस हैं, जिसमें से 63 प्रतिशत सुपीरियर ग्रेड के हैं। इन मॉलों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है, 2019 से औसत किराए में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मौजूदा समय में इन मॉलों में किराया औसतन 315 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में दो फीसदी बढ़ी : सियाम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों के पार पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 फीसदी रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 फीसदी थी।। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी।

उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़कर 27,97,229 इकाई पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में यात्री कारों की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 फीसदी की वृद्धि को दशार्ता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही।

उद्योग निकाय के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी बढ़कर 1,96,07,332 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी।

### अमेरिकन टेक फर्म यूएसटी ने भारत में किया विस्तार

**बेंगलुरु।** डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी यूएसटी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोला है। ाह शहर में कंपनी का चौथा ऑफिस है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता है। यूएसटी ने 2012 में बेंगलुरु में अपना परिचालन शुरू किया था और वर्तमान में यह शहर इसका दूसरा सबसे बड़ा ग्लोबल डिलीवरी सेंटर है, जिसमें 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, हाई-टेक, रिटेल और बीएफएसआई में नए समाधान प्रदान करते हैं। बेंगलुरु के सेंटर हेड, किरणकुमार डोरस्वामी ने कहा, नई सुविधा का उद्घाटन भारत में यूएसटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# थोक महंगाई दर मार्च में चार माह के निचले स्तर 2.05 फीसदी पर आई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर राहत देने वाली खबर है। मार्च महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर 2.05 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले नवंबर में थोक महंगाई 1.89 फीसदी रही थी, जबकि फरवरी में यह 2.38 फीसदी पर थी। यह 4 महीने का निचला स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि रोजाना की जरूरत के सामान की कीमतों के घटने से थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। डब्ल्यूपीआई पर महंगाई मार्च में घटकर 2.05 फीसदी रही है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें वृद्धि हुई है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में दो फीसदी बढ़ी : सियाम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों के पार पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 फीसदी रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 फीसदी थी।। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी।

उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़कर 27,97,229 इकाई पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में यात्री कारों की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया है।

